दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 324
कोटद्वार बुधवार
5 अप्रैल 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## बेमौसम बारिश से गन्ने की बुवाई प्रभावित

रुड़की। बेमौसम बारिश से गेहूं की कटाई में तो विलंब होने के साथ ही गन्ने की बुवाई भी प्रभावित होगी। ज्यादातर किसान गेहूं की कटाई करने के बाद गन्ने की फसल की बुवाई करते हैं, लेकिन इस बार बेमौसम लगातार बारिश से गेहूं की कटाई प्रभावित हो गई है। किसान किशनपाल सिंह ने बताया कि किसानों को गेहूं की फसल को खेत से समेटने की जल्दी रहती है। इसके बाद उनकी चिंता गन्ने की फसल की बुवाई को लेकर बढ़ जाता है। गन्ने की पछेती बुवाई का असर सीधा उसके उत्पादन पर भी पड़ता है।

## चार दिन बंद रहेगी लखनऊ–चंडीगढ़ ट्रेन

रुड़की। लखनऊ-चंडीगढ़ ट्रेन रोजाना अप और डाउन चलती है। रुड़की, लक्सर, बिजनौर, मुरादाबाद और लखनऊ तक यह ट्रेन चलती है। 9 से 12 अप्रैल तक यह एक्सप्रेस कैंसिल रहेगी। देहरादून से नई दिल्ली के लिए जनशताब्दी सुबह 7:11 नियमित चलती है। रुड़की से नई दिल्ली की यात्री जाना चाहते हैं तो इस ट्रेन में कंफर्म टिकट मिल सकता है। 11 से 14 अप्रैल तक सीट मिल सकती है। 15 से 17 अप्रैल तक वेटिंग है। 17 अप्रैल के बाद जन शताब्दी में कंफर्म टिकट मिल जाएगा।

## यमुनोत्री यात्रा मार्गों पर 22 हजार लोगों के ठहरने की व्यवस्था

उत्तरकाशी। यमुनोत्री यात्रा मार्ग पर नौगांव से लेकर यमुनोत्री धाम तक 50 किलोमीटर के एरिया में विभिन्न पड़ाव एवं कस्बों में प्रत्येक दिन करीब 21800 यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था है। यमुनाघाटी होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सोबेन सिंह राणा का कहना है कि यमुनोत्री यात्रा मार्ग पर डामटा से यमुनोत्री धाम तक करीब 325 होटल हैं, जिनमें 21 हजार प्लस यात्री एक दिन में ठहर सकते हैं।

## पूर्णागिरि जा रही महिला श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत

चम्पावत। पूर्णागिरि दर्शन को जा रही यूपी निवासी एक महिला श्रद्धालु की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। महिला अपने परिजनों संग पूर्णागिरि दर्शन करने जा रही थी। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह भारकंजा गांव, पीलीभीत, यूपी निवासी 55 वर्षीय उर्मिला पत्नी शिवनारायण शर्मा परिजनों संग पूर्णागिरि दर्शन को जा रही थी। तभी भैरव मंदिर के पास महिला को दौरा पड़ गया और वह बेहोश हो गई।

## दिल्ली में सुबह बारिश हुई, न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सुबह बारिश हुई और न्यूनतम तापमान इस मौसम में औसत से दो डिग्री कम 16.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. सापेक्षिक आर्द्रता 95 प्रतिशत दर्ज की गई. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा साझा किए गए आंकड़े के अनुसार, दिल्ली में सोमवार को सुबह साढ़े आठ बजे से मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे के बीच 16 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। दिल्ली में आज सुबह बारिश होने के बाद मौसम सुहाना हो गया. मौसम कार्यालय ने सामान्यतः बादल छाए रहने या दिन में बाद में छिटपुट बारिश का अनुमान जताया है.

# सिक्किम के नाथुला में भारी हिमस्खलन से सात की मौत

## पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह ने जताया दुख

**गंगटोक, एजेंसी।** सिक्किम नाथुला में मंगलवार सुबह हुए भारी हिमस्खलन में सात पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि 20 लोगों को बचा लिया गया। घायलों को घटनास्थल पर ही मेडिकल सुविधा दी जा गई। अभी भी कइयों के फंसे होने आशंका है। ऑपरेशन ऑल आउट के तहत युद्ध स्तर पर राहत व बचाव कार्य जारी है। मंगलवार सुबह हुए इस भीषण हादसे पर प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने दुख जताया है।

सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 11.10 बजे, गंगटोक को नाथुला से जोड़ने वाले जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर भारी हिमस्खलन हुआ। नाथूला के रास्ते में 20–30 पर्यटकों के साथ लगभग 5–6 वाहनों के बर्फ के नीचे दबने की आशंका है। घटना की जानकारी मिलते ही त्रिशक्ति कोर, भारतीय सेना और बीआरओ परियोजना की स्वास्तिक की टीम तुरंत राहत व बचाव कार्य शुरू किया।

सेना प्रवक्ता ने बताया कि शाम चार बजे तक 20 पर्यटकों को बचाया गया है, इनमें छह को गहरी घाटी से बचाया गया है।



उन्हें हल्की चोटें आई हैं। डॉक्टरों की टीम ने उनका इलाज किया। वहीं इस दुर्घटना में सात लोगों ने दम तोड़ दिया है।

सूत्रों के मुताबिक इनमें चार पुरुष, दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। सेना, राज्य आपदा प्रबंधन दल और पुलिस लोगों की तलाश में राहत व बचाव अभियान जारी रखे हुए है। इसके अलावा सड़क से बर्फ हटाने के बाद रास्ते में फंसे 350 पर्यटकों और 80 वाहनों को बचाया गया।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि सिक्किम में हिमस्खलन से व्यथित हूं। उन लोगों के प्रति संवेदना, जिन्होंने अपनों को खोया है। मुझे उम्मीद है कि घायल जल्द ही ठीक हो जाएंगे। बचाव अभियान जारी है और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सिक्किम में हिमस्खलन में हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं और एनडीआरएफ की टीमें जल्द ही प्रभावित इलाके में पहुंचेंगी। मैं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

सिक्किम नाथुला सीमा क्षेत्र में बड़े हिमस्खलन से सात पर्यटकों की मौत होने और 11 लोगों के घायल होने की खबर है। वहीं, समाचार एजेंसी एएनआई के ने पुलिस अधिकारियों के हवाले से बताया कि गंगटोक को नाथुला से जोड़ने वाले जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर 14वें मील पर बचाव अभियान जारी है। बर्फ में फंसे 22 पर्यटकों को रेस्क्यू कर लिया गया है। सड़क से बर्फ हटाने के बाद 350 फंसे पर्यटकों और 80 वाहनों को भी बचा लिया गया है।

डीएम गंगटोक से प्राप्त टेलीफोनिक जानकारी के अनुसार, सभी पर्यटकों और पर्यटक वाहनों का आंकलन कर लिया गया है। अभियान फिलहाल रोक दिया गया है।

एनडीआरएफ की और टीमों की आवश्यकता नहीं है। हताहत पर्यटकों का विवरण बाद में साझा किया जाएगा। हालांकि, सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार, 12 पर्यटकों का सोचागंग में इलाज चल रहा है और सात की कथित तौर पर मौत हो गई है।

भारतीय सेना ने बताया कि गंगटोक–नाथुला रोड पर शाम 5.35 बजे उसी स्थान पर एक और भूस्खलन हुआ। हिमपात भी शुरू हो गया है जिससे बचाव अभियान में दिक्कत आ रही है। अधिक भूस्खलन के डर से जिला प्रशासन द्वारा बचाव और तलाशी अभियान बंद कर दिया गया है।

## पीएम मोदी ने बदले की भावना से नहीं किया काम, राजनेता के जैसे बर्ताव करते रहे: आजाद

**जम्मू, एजेंसी।** पूर्व राज्यसभा सांसद एवं डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के संस्थापक ने गुलाम नबी आजाद ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कभी उनके साथ बदले की भावना से काम नहीं किया। संसद में नेता विपक्ष रहने के दौरान वह भाजपा के विरोध में कई मुद्दों पर मुखर रहे, लेकिन पीएम मोदी ने फिर भी उनके साथ राजनेता के जैसे ही व्यवहार किया।गुलाम नबी आजाद ने कहा, ' मैंने उनके साथ जो किया उसके लिए मुझे मोदी को श्रेय देना चाहिए। वह बहुत उदार हैं। नेता विपक्ष के रूप में मैंने उन्हें किसी भी मुद्दे पर नहीं बख्शा चाहें वह धारा 370 हो या सीएए या हिजाब का मामला। लेकिन उन्होंने एक राजनेता की तरह व्यवहार किया, उसका बदला नहीं लिया।साथ ही उन्होंने कहा कि जी23 को भाजपा का प्रवक्ता बताना मुर्खता है। अगर ऐसा था तो उन्हें कांग्रेस ने सांसद क्यों बनाया। उन्हें सांसद, महासचिव और पदाधिकारी क्यों बनाया गया। मैं अकेला हूं जिसने पार्टी बनाई है। बाकी लोग अभी वहीं हैं। यह दुर्भावनापूर्ण, और बचकाना आरोप है।

## सुको ने हाईकोर्ट के सजा घटाने के फैसले को किया रद, कहा– अनुचित सहानुभूति ठीक नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस फैसले को रद कर दिया है, जिसमें एक व्यक्ति को उतावलेपन और लापरवाही से गाड़ी चलाकर लोगों की मौत का जिम्मेदार बनने के लिए दी गई सजा को कम कर दिया गया था। सवोच्च अदालत का कहना है कि अभियुक्त के लिए 'अनुचित सहानुभूति' दिखाना अस्थिर है।



शीर्ष अदालत ने पाया कि हाई कोर्ट ने यह बिल्कुल नहीं माना था कि भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) प्रकृति में दंडात्मक और निवारक है और मुख्य उद्देश्य और उद्देश्य संहिता के तहत किए गए अपराधों के लिए अपराधियों को दंडित करना है। पीठ ने सजा कम करने के उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द कर दिया और निचली अदालत द्वारा लगाई गई सजा को बहाल कर दिया।अपील की अनुमति देते हुए उसने अभियुक्त को शेष सजा काटने के लिए आत्मसमर्पण करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया। शीर्ष अदालत ने पंजाब राज्य द्वारा हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर अपील पर अपना फैसला सुनाया, जिसमें आइपीसी की धारा 304–ए (उतावलेपन और लापरवाही से मौत का कारण) के तहत अपराध के लिए एक आरोपित की सजा को बरकरार रखते हुए उसे कम कर दिया गया था।

हाई कोर्ट ने दो साल की सजा को घटाकर आठ महीने कर दिया था। मृतक के परिवार को भुगतान किए जाने वाले मुआवजे के लिए 25 हजार रुपये की पूर्व जमा राशि भी इसमें शामिल है।जस्टिस एमआर शाह और सीटी रविकुमार की पीठ ने 28 मार्च के अपने फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय ने सजा को कम करते समय अपराध की गंभीरता पर विचार नहीं किया था और जिस तरह से अभियुक्त ने जल्दबाजी और लापरवाही से एसयूवी चलाकर इसे अंजाम दिया था।जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और एंबुलेंस में सवार दो अन्य घायल हो गए। सड़क दुर्घटना जनवरी 2012 में हुई थी जब आरोपित द्वारा चलायी जा रही एक एसयूवी ने चंडीगढ़ से मोहाली की ओर आ रही एक एंबुलेंस को टक्कर मार दी थी।

## नितिन गडकरी से मिले कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, दिया मसूरी में टनल के शिलान्यास का न्यौता



**देहरादून ।** उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज दिल्ली में केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। मंत्री गणेश जोशी ने उनसे देहरादून–किमाड़ी मोटर मार्ग चौड़ीकरण व सुधारीकरण का अनुरोध किया। साथ ही मसूरी के लिए स्वीकृत लगभग तीन किलोमीटर लंबी टनल का शिलान्यास करने के लिए भी न्यौता दिया। जिस पर केंद्रीय मंत्री ने टनल का शिलान्यास करने के लिए शीघ्र उत्तराखंड आने का भरोसा दिलाया।

मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय मंत्री गडकरी को अवगत कराया कि किमाड़ी मोटर मार्ग को देहरादून–मसूरी मोटर मार्ग के वैकल्पिक मार्ग के तौर पर प्रयोग किया जाता है। लेकिन इस रास्ते की हालत खस्ताहाल है। मसूरी में वर्ष भर सैलानियों का आवागमन होता है और अप्रैल से नवंबर तक गंगोत्री व यमुनोत्री के लिए भी यह मार्ग यात्रा रूट के तौर पर प्रयोग किया जाता है।

मंत्री ने कहा देहरादून से किमाड़ी मोटर मार्ग का चौड़ीकरण किए जाने से देहरादून–मसूरी मार्ग पर लगने वाले जाम से भी निजात मिलेगी और सैलानियों एवं श्रद्धालुओं सहित स्थानीय लोगों को भी लाभ होगा। जिस पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए शीघ्र मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# केन्द्रीय वित्त मंत्री से सौंग बांध पयेजल परियोजना के लिए मांगें 1774 करोड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार ड्डोंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री से सौंग बांध पेयजल परियोजना हेतु 1774 करोड़ की धनराशि का वित्तपोषण ड्डारत सरकार के पूंजीगत व्यय हेतु विशेष सहायता के अन्तर्गत कराने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से देहरादून की पेयजल समस्या का समाधान हो जाएगा। परियोजना देहरादून नगर के जलापूर्ति हेतु अत्यन्त महत्वपूर्ण है परियोजना से सम्बन्धित सड्डाी आवश्यक तकनीकी वन ड्डूमि हस्तान्तरण स्टेज-1 एवं अन्य आवश्यक स्वीकृतियां सम्बन्धित विड्डागों/मंत्रालयों से प्राप्त की जा चुकी है। परियोजना से प्रड्डाावित होने वाले कुटुम्बों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन हेतु व्ययड्डार 247 करोड़ रूपये राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून नगर एवं इसके उपनगरीय क्षेत्रों में पेयजल की



केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ।

व्यवस्था मुख्य रूप से नलकूप के द्वारा की जा रही है, जिसके फलस्वरूप ड्डूजल स्तर में लगातार गिरावट हो रही है। देहरादून की बढ़ती हुई आबादी के कारण पेयजल की मांग निरन्तर तेजी से बढ़ती जा रही है, जिस कारण वर्तमान पेयजल आपूर्ति व्यवस्था ड्डाविष्य की पेयजल मांग को पूर्ण करने में सक्षम नहीं होगी। इस समस्या के दृष्टिगत व ड्डाविष्य में सतत पेयजल की सुविधा प्रदान करने हेतु गंगा नदी की सहायक नदी सौग नदी पर सौंग बांध पेयजल परियोजना प्रस्तावित है, प्रस्तावित परियोजना की कुल लागत 2021 करोड़ रूपये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना के निर्माण से 150 एम.एल.डी. पेयजल 'गुरुत्व' के माध्यम से देहरादून नगर व इसके उपनगरीय क्षेत्रों की लगड्डाग 10 लाख आबादी को पेयजल उपलब्ध होगा। परियोजना के निर्माण उपरान्त पेयजल व्यवस्था की नलकूपों पर निर्ड्डारता लगड्डाग समाप्त हो जाएगी, जिससे ड्डूजल दोहन में ड्डारी कमी आएगी, जिसके फलस्वरूप ड्डूजल स्तर में बढ़ोतरी होगी।

ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आयेगी एवं ड्डाविष्य में नए नलकूपों एवं उन पर होने वाले संचालन व रख-रखाव संबंधी व्यय में ड्डाी ड्डारी कमी आएगी। इसके अतिरिक्त परियोजना के निर्माण से झील का निर्माण होगा जो कि क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देगा, जिससे रोजगार सृजन होगा एवं स्थानीय नागरिकों की आय में वृद्धि होगी। झील निर्माण से पर्यावरण को ड्डाी लाड्डा होगा। इस परियोजना का एक अन्य मुख्य लाड्डा बाढ़ नियंत्रण है, परियोजना निर्माण के फलस्वरूप देहरादून जनपद के 10 ग्रामों की लगड्डाग 15000 आबादी को सौंग नदी में प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ से सुरक्षा प्रदान होगी।

## पीएम मोदी ने भूटान नरेश के सामने उठाया डोकलाम का मुद्दा

### द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से बात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के समक्ष भारत–भूटान–चीन की सीमा पर स्थित डोकलाम का मुद्दा उठाया। मोदी और वांगचुक के बीच हुई वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हर मुद्दे पर विस्तार से बात हुई जिसमें आपसी सुरक्षा हितों से जुड़े तमाम मुद्दे भी शामिल थे।

बैठक में भारत सरकार की तरफ से भूटान की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए हर तरह की मदद देने पर भी सहमति बनी है। इसमें भूटान को अधिक वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराने से लेकर भूटान में पैदा होने वाले कृषि उत्पादों को दूसरे देशों में ज्यादा निर्यात करने की सहूलियत देना भी शामिल होगा। दोनों देश रक्षा संबंधों को भी और मजबूत करेंगे।

भूटान के राजा वांगचुक दो दिवसीय भारत यात्रा पर आये हैं। सोमवार को उनकी विदेश मंत्री



एस जयशंकर से बात हुई थी तो मंगलवार को उन्होंने पीएम मोदी से आधिकारिक बैठक की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी उन्होंने मुलाकात की। पीएम मोदी के साथ हुई उनकी बैठक की जानकारी देने के लिए मीडिया के समक्ष आए विदेश सचिव विनय क्वात्रा से जब यह पूछा गया कि क्या डोकलाम का मुद्दा उठा था।

क्वात्रा सवाल का सीधा जबाव देने से बचते हुए उन्होंने कहा कि सुरक्षा से जुड़े हर मुद्दे पर भारत और भूटान लगातार एक दूसरे से संपर्क में है और इनके बीच हर मुद्दे पर बात हुई है। जहां तक हाल ही में दिए गए कुछ बयान से संबंध का मामला है तीनपक्षीय सीमा (डोकलाम) की स्थिति के बारे में भारत का रुख पहले से स्पष्ट है और इसे बताया गया है।

डोकलाम के बारे में आगे विदेश सचिव ने कहा कि भारत सरकार इससे जुड़े हर मुद्दे पर नजर रखती है और सुरक्षा के लिहाज से जो भी जरूरी है वह कदम उठाती है। दरअसल, भूटान के प्रधानमंत्री ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा था कि डोकलाम मुद्दा सिर्फ भारत व भूटान का मामला नहीं है बल्कि चीन भी इसका हिस्सा है। वर्ष 2017 में डोकलाम में ही भारत और चीन के सैनिक एक दूसरे के सामने तकरीबन दो महीने तक आमने–सामने के टकराव की स्थिति में रहे थे।विदेश सचिव ने बताया कि पीएम मोदी और भूटान नरेश वांगचुक के बीच हुई वार्ता में एक तरह से भारत की तरफ से इस पड़ोसी देश को दी जाने वाली मदद का रोडमैप तैयार हुआ है। इसके तहत पांच तरह की मदद भारत देगा। पहला, भूटान में 13वीं पंचवर्षीय योजना लागू हो रही है, आज की बैठक में सहमति बनी की भारत इसके लिए मदद बढ़ाएगा।

## सैन्य सम्मान के साथ हुई शहीद टीकम की अंत्येष्टि, चचेरे भाई ने दी चिता को मुखाग्नि

**सेलाकुई(देहरादून)।** लद्दाख में भारत–चीन सीमा पर शहीद हुए राजावाला–सेलाकुई निवासी असिस्टेंट कमांडेंट टीकम सिंह नेगी (34) का मंगलवार को प्रेमनगर स्थित श्मशान घाट में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। चचेरे भाई शुभम रावत ने शहीद की चिता को मुखाग्नि दी। नम आंखों से परिजनों और क्षेत्रवासियों ने शहीद को अंतिम विदाई दी। उनकी शवयात्रा में जब तक सूरज चांद रहेगा टीकम तेरा नाम रहेगा, भारत माता की जय के नारे गूंजते रहे।

देहरादून जनपद के राजावाला गांव निवासी टीकम सिंह नेगी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) में असिस्टेंट कमांडेंट थे। वर्तमान में वह भारत–चीन सीमा पर लद्दाख में गोपनीय मिशन पर थे। जहां पेट्रोलिंग के दौरान बोल्डर गिरने से



उनके सिर पर गंभीर चोटें आई थी, जिसमें वे शहीद हो गए थे। बीते सोमवार की सुबह करीब 10 बजे परिजनों को उनके शहीद होने की खबर मिली, जिससे पूरे क्षेत्र में मातम छा गया। मंगलवार की सुबह से ही आईटीबीपी और प्रशासन के अधिकारियों का उनके घर पर पहुंचना शुरू हो गया था। शाम करीब साढ़े तीन बजे जैसे ही आईटीबीपी के जवान शहीद के पार्थिव शरीर को लेकर उनके घर पर पहुंचे, परिजनों में चीख पुकार मच गई। सभी बिलख–बिलख कर रोने लगे। शहीद को श्रद्धांजलि देने बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की आंखें छलक गई। शहीद को आईटीबीपी, उत्तराखंड पुलिस के अधिकारियों ने सलामी दी। पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र चढ़ाया। कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत, पूर्व मंत्री अरविंद पांडेय, विधायक सहसपुर सहदेव सिंह पुंडीर, एडीजी आईटीबीपी मनोज रावत, एडीजी लॉ एंड आर्डर बी मुरुगेशन, आईजी गढ़वाल केएस नगन्याल, एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने भी शहीद को श्रद्धांजलि दी।

शाम करीब चार बजे घर से शहीद की शव यात्रा निकली। इस दौरान जब तक सूरज चांद रहेगा, टीकम तेरा नाम रहेगा, भारत माता की जय जैसे नारे गूंजते रहे। अंतिम यात्रा भाऊवाला चौक, सेलाकुई, झाझरा, सुद्धोवाला होते हुए शाम करीब साढ़े पांच बजे प्रेमनगर स्थित श्मशान घाट पहुंची, जहां राजकीय सम्मान के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने शहीद को अंतिम विदाई दी।

# मुख्यमंत्री धामी ने की केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव शिष्टाचार भेंट



देहरादून। उत्तराखंड के लंबित रेल प्रोजेक्ट को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। उन्होंने देहरादून–मोहंड–सहारनपुर को रेल लाइन से जोड़ने, टनकपुर से दून के बीच जनशताब्दी और रामनगर से दिल्ली के बीच शताब्दी रेल सेवा शुरू करने का अनुरोध किया। मंगलवार को दिल्ली में मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय मंत्री वैष्णव से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने कहा कि राजधानी दून से नई दिल्ली तक रेल की यात्रा करने के लिए मौजूदा समय में हरिद्वार होकर जाना पड़ता है। हरिद्वार–देहरादून रेल लाइन सिंगल लेन है और दून से हरिद्वार तक का अधिकांश हिस्सा राजाजी नेशनल पार्क के अंतर्गत आता है। उन्होंने कहा कि वन्यजीव जंतुओं के सुरक्षा के मद्देनजर रेल की गति अत्यंत नियंत्रित रहती है और इससे आवागमन में अधिक समय लगता है।

उन्होंने कहा कि देहरादून से मोहंड होते हुए सहारनपुर तक रेल लाइन जिसका कुछ भाग टनल के माध्यम से भी होगा, बनाई जानी चाहिए। इससे दून और दिल्ली के बीच रेल से आवागमन त्वरित होगा और उत्तराखंड में पर्यटकों की आवाजाही सुविधाजनक होने के साथ–साथ व्यवसायिक गतिविधियों को भी बल मिलेगा। धामी ने ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना में अपनाई जा रही टनल प्रणाली के समान ही दून से सहारनपुर को मोहंड होते हुए रेलवे से जोड़ने के लिए टनल आधारित रेल लाइन परियोजना की संभावना का परीक्षण कराकर परियोजना की स्वीकृति देने का आग्रह किया।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि टनकपुर–देहरादून के बीच जनशताब्दी और दिल्ली– रामनगर के मध्य शताब्दी एक्सप्रेस रेल सेवा का संचालन भी जरूरी है। कहा कि वर्तमान में कुमाऊं और गढ़वाल को जोड़ने के लिए देहरादून–काठगोदाम जनशताब्दी एक मात्र रेल सेवा है। कुमाऊं क्षेत्र के एक बड़े हिस्से के साथ–साथ नेपाल बोर्डर होने से वहां के लोगों का आवागमन भी टनकपुर से ही होता है। इसलिए टनकपुर–देहरादून के मध्य एक जनशताब्दी रेल सेवा की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि रामनगर स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जिम कार्बेट नेशनल पार्क में देश–विदेश से पर्यटकों का निरंतर आवागमन होता है। दिल्ली– रामनगर शताब्दी एक्सप्रेस रेल सेवा शुरू होने से पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी और स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा।




## महंगाई के मुद्दे आम आदमी पार्टी का दून में प्रदर्शन

देहरादून। आम आदमी पार्टी ने दून के भूरा चौक पर महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार शराब सस्ती कर रही है। दूध, गैस, डीजल, पेट्रोल, सब्जी, बिजली महंगी कर दी है। जिससे आम जनता परेशान है। सरकार के खिलाफ पूरे प्रदेश में प्रदर्शन किया जा रहा है। इस दौरान प्रदेश समन्वयक जोत सिंह बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष उमा सिसोदिया, विपिन खन्ना, सुधा पटवाल, कमलेश रमन, डीके पाल, नितिन जोशी, अशोक सेमवाल आदि मौजूद रहे।

## शहर में बंदरों को पकड़ने का अभियान तेज करे वन विभागः मेयर

ऋषिकेश। नगर निगम और वन विभाग लोगों को बंदरों के आतंक से निजात दिलाने में जुटे हैं। नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों से वन विभाग की टीमों ने अब तक पैंतीस बंदर पकड़े हैं। मंगलवार को दून मार्ग स्थित कैंप कार्यालय में मेयर अनिता ममगाईं ने वन विभाग के साथ हुई बैठक में बंदरों को पकड़ने के अभियान का फीड बैक लिया। वन रेंजर ने बताया कि आशुतोष नगर, प्रगति विहार, बालाजी बगीचे, पुष्कर मंदिर मार्ग आदि क्षेत्रों से पैंतीस बंदरों को पकड़कर चिड़ियापुर भेजा गया है। मेयर ने कह कि अभी भी शहर के कुछ क्षेत्रों से बंदरों के उत्पात से नगरवासी परेशान हैं।

## कैंट बोर्ड को दिलाई जाए जर्जर भवनों के मरम्मत की अनुमति

विकासनगर। जौनसार बाबर क्षेत्र के प्रख्यात लोक कलाकार व जौनसारी जनजाति लोक कला समिति के निर्देशक नंद लाल भारती ने रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट से दिल्ली में भेंट की। भारती की ओर से चकराता कैंट क्षेत्र की विभिन्न मांगों को हल करने की मांग को लेकर रक्षा राज्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया।

रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट को सौंपे में नंदलाल भारती ने बताया कि छावनी क्षेत्र में अंग्रेजों के जमाने के भवन, दुकानें आदि संपत्तियां हैं। छावनी परिषद की रोक के कारण जर्जर हाल हो चुके भवनों की मरम्मत का कार्य नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते लोग मजबूरन इन जर्जर हाल भवनों में रहने को विवश हैं। जिसके चलते कोई भी प्राकृतिक आपदा आने पर जानमान का खतरा हो सकता है। कहा कि ऐसे जर्जर भवनों की मरम्मत कार्यों के लिए कैंट बोर्ड को अनुमति दिलाई जाय। सैन्य क्षेत्र में दूध और सब्जी की आपूर्ति के ठेके में स्थानीय लोगों को वरीयता देने, पर्यटन स्थल ठाणा डांडा स्थित सनराइज–सनसेट प्वाइंट को विकसित करने, चकराता में सैन्य भर्ती हेतु चयन शिविर का आयोजन और छावनी क्षेत्र के बाहर के इलाकों को विदेशी पर्यटकों के लिए खोला जाए। जिससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके। कहा कि चकराता स्थित जौनसार पब्लिक स्कूल में जनजाति परिवारों के बच्चों को फीस में छूट दी जाए। भारती ने बताया कि रक्षा राज्यमंत्री ने उनकी मांगों पर यथा शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## आढ़त बाजार की प्रस्तावित भूमि का किया निरीक्षण

देहरादून। द होल सेल डीलर्स एसोसिएशन आढ़त बाजार से जुड़े व्यापारियों ने मंगलवार को पटेलनगर देहराखास में नए आढ़त बाजार की प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया।

महासचिव विनोद गोयल ने बताया कि अगली बैठक में व्यापारी जिलाधिकारी और उपाध्यक्ष एमडीडीए को अपने सुझाव देंगे। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया में तेजी लाई जानी चाहिए। ताकि आढ़त बाजार शिफ्ट करने का काम जल्द से जल्द शुरू हो सके।

इस दौरान एमडीडीए के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## यौन उत्पीड़न का आरोपी कोच हुआ दून अस्पताल से ऋषिकेश एम्स में भर्ती

**–एम्स को पुलिस का नोटिस, डिस्चार्ज करने से पहले देनी होगी सूचना**

देहरादून। क्रिकेट का प्रशिक्षण ले रही किशोरी के यौन उत्पीड़न का आरोपी कोच मंगलवार को दून अस्पताल से ऋषिकेश एम्स में जाकर भर्ती हो गया है। वहां भर्ती होते ही अस्पताल प्रशासन को दून पुलिस ने नोटिस दिया है। नोटिस में कहा कि गया उसे अस्पताल से डिस्चार्ज करने से पहले पुलिस को सूचना दी जाए। ताकि डिस्चार्ज होने के बाद वह फरार न हो सके।

दून में लिटिल मास्टर क्रिकेट क्लब के संचालक और क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के चमोली के जिला सचिव नरेंद्र शाह के खिलाफ 27 मार्च की रात नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि नरेंद्र शाह ने प्रशिक्षण लेने वाली 14 वर्षीय किशोरी का यौन उत्पीड़न किया।

इससे जुड़े ऑडियो भी वायरल हुआ। नरेंद्र शाह ने 24 मार्च को जहरीला पदार्थ खा लिया था। तब उसे उसका दून अस्पताल में उपचार चल रहा था। जांच अधिकारी सीओ सदर पंकज गैरोला ने बताया कि आरोपी पेट की समस्या बताते हुए दून अस्पताल से रैफर होकर ऋषिकेश ऐम्स चला गया है। उम्मीद है कि एम्स से उपचार के बाद वह जल्द डिस्चार्ज हो सकता है। डिस्चार्ज होते ही पुलिस उसकी गिरफ्तारी की तैयारी में है।

कोच नरेंद्र शाह को जब रेफर कर एम्स ऋषिकेश ले जाया जा रहा था तो उनके परिजन दून अस्पताल में मौजूद कुछ मीडिया कर्मियों पर भड़क गए। टीवी चैनल के पत्रकारों पर उनकी पत्नी ने हमला करने का भी प्रयास किया। तीखी नोकझोंक का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### एक नजर

#### अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

उत्तरकाशी : धरासू पुलिस ने 52 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना धरासू में उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक यदुवंशी के निर्देशन में पुलिस का चेकिंग अभियान लगातार जारी है। इसी के तहत सोमवार की रात्रि को एसएचओ धरासू की देखरेख में पुलिस टीम ने जेष्टवाड़ी, बनचौरा से रघुवीर सिंह पुत्र वचन सिंह (30) निवासी जेष्टवाड़ी, बनचौरा चिन्यालीसौड़ को सोलमेट ब्लू ब्रांड की 52 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसआई हरीश थपलियाल, हरेंद्र सिंह आदि थे। (एजेंसी)

#### स्कूली बच्चों वितरित किए ट्रैक सूट

चमोली : निरंतर प्रवाह फाउंडेशन ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय जाख में अध्ययनरत 60 बच्चों को ट्रैक सूट वितरित किए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों में स्वागत गान, नृत्य नाटिका सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में फाउंडेशन की संचालिका हेमा ने बच्चों की बेहतर पढाई और गांव को स्वच्छ बनाने की अपील की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य भगवती प्रसाद बेंजवाल, फाउंडेशन कोषाध्यक्ष दीपक, प्रधान शशि देवी, प्रबंध समिति की सीमा देवी, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

#### सड़क के नवीनीकरण के लिए मंत्री से लगाई गुहार

ऋषिकेश। गुमानीवाला की सूरत विहार कॉलोनी में बदहाल सड़क से लोग परेशान हैं। उन्होंने मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से सड़क की मरम्मत की मांग की। मंत्री ने सड़क की मरम्मत के लिए लोनिवि अधिकारियों को निर्देशित किया है। मंगलवार को गुमानीवाला सूरत विहार कॉलोनी के निवासियों ने बैराज कैंप कार्यालय पहुंचकर मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से मुलाकात की।

उन्होंने कहा कि गुमानीवाला वार्ड संख्या 2 सूरत विहार कॉलोनी में करीब 500 मीटर सड़क पर गड्ढे होने से परेशानी झेलनी पड़ रही है। बारिश के दौरान समस्या और भी बढ़ जाती है। लोगों की समस्या सुनने के बाद मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को समस्या के निस्तारण के लिए निर्देश दिए।

#### टीन शेड व सीसी मार्ग का लोकार्पण

हल्द्वानी। जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया ने जंगलियागांव के शिमाला में दो योजनाओं में बने टीन शेड व सीसी मार्ग का लोकार्पण किया।

प्रधान राधा कुल्याल ने बताया देवी मंदिर में 1.75 लाख की लागत से टीन शेड व शिमाला से प्राइमरी विद्यालय तक 1.5 लाख की लागत से बने सीसी मार्ग का मंगलवार को जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया ने लोकार्पण किया।

# रोजगार परख योजनाओं को प्रमुखता से शामिल किया जाए

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : वर्ष 2023-24 में जिला योजना से विकास कार्यों के लिए तैयार की जाने वाली संरचना के प्रस्ताव के संबंध में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। डीएम ने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए है कि अपने-अपने विभागों से संबंधित जन कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं के प्रस्ताव यथा शीघ्र तैयार करते हुए जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे, ताकि प्राप्त प्रस्ताव को जिला योजना समिति के समुख स्वीकृत हेतु प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए है कि रोजगार परख योजनाओं को प्रमुखता से शामिल किए जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्ष 2023-24 में जिला योजना से जो भी विकास कार्य किए जाने है उसके लिए सभी जन प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का चयन इस तरह से किया जाए कि योजना का कार्य उसी वित्तीय वर्ष या अधिकतम दो वर्ष में पूर्ण कर लिया जा सकें तथा 3 लाख से कम लागत की योजनाओं के प्रस्ताव को किसी भी दशा में शामिल न किया जाए।

किसी क्षेत्र विशेष हेतु अधिकतम योजनाओं का चयन न किया जाए। यदि किसी कारण से विशेष क्षेत्र हेतु योजनाओं का चयन किया जाता है तो उसका कारण सहित स्पष्ट उल्लेख किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भरता को बढ़ाव देने हेतु उद्यान, पशुपालन, कृषि, मत्स्य पालन, दुग्ध विकास आदि विभागों तथा आजीविका से संबंधित कार्यों के प्रस्ताव को प्राथमिकता से सम्मिलित किए जाए।



डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए है कि विकास योजनाओं का चयन करना संबंधित अधिकारियों की नैतिक जिम्मेदारी है तथा योजनाओं के प्रस्ताव इस तरह से तैयार किए जाए कि जिससे आम जन मानस को इसका लाभ मिल सके। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी अभिमन्यु, मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, जिला विकास अधिकारी मनवेंद्र कौर, परियोजना निदेशक डीआरडीए केके पंत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एचसीएस मर्तोलिया, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आशीष रावत, जिला पर्यटन विकास अधिकारी राहुल चौबे, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र बिष्ट, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि जीएस रावत, मनोज भट्ट सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## विकासनगर में खुदी सड़कें बनी लोगों के लिए मुसीबत

विकासनगर। ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत बिछाई जाने वाली पेयजल लाइनों से पानी की आपूर्ति तो शुरू नहीं हुई, अलबत्ता पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कें लोगों की परेशानी का सबब जरूर बन रही हैं। पेयजल लाइन बिछाने का काम पूरा होने के बावजूद इन सड़कों की मरम्मत नहीं की गई है। इन दिनों नगर क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल लाइन बिछाने का काम बड़े पैमाने पर चल रहा है। अधिकांश क्षेत्रों में पाइप लाइन बिछाने का काम चार माह पहले ही पूरा हो चुका है, लेकिन खोदी गई सड़कों की मरम्मत का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ। तेलपुर से होकर गुजरने वाले मेहूंवाला–अंबाड़ी सड़क पर पेयजल लाइन बिछाने का काम बीते दिसंबर माह में पूरा हो गया था, लेकिन अभी तक भी मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया है। खुदाई के कारण सड़क पर बड़े–बड़े गड्ढे पड़े हुए हैं, जिनसे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। यही हाल डाक्टरगंज को जाने वाली सड़क का भी है। यहां भी तीन माह पूर्व खोदी गई सड़क की मरम्मत नहीं की गई। तेलपुर डांडी, जस्सोवाला, पृथ्वीपुर की ग्रामीण सड़कों की भी टाइल्स उखाड़ी गई है। स्थानीय ग्रामीण स्वराज सिंह, रोहित कुमार, शीशपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, राम प्रसाद सेमवाल, आलम सिंह, जगदीश चंद्र जोशी, रमेश नौटियाल ने बताया कि खुदी सड़कें बरसात के दौरान परेशानी का सबब बनेंगी। गड्ढों में पानी भरने के साथ ही पूरी सड़क पर कीचड़ फैल जाएगा, जिससे आवागमन में दिक्कत होगी। इससे राहगीरों का सड़क पर चलना मुश्किल हो जाएगा।

## युवक ने संदिग्ध हालात में विषाक्त खाकर जान दी

विकासनगर। कालसी ब्लॉक के दिलऊगांव निवासी एक युवक ने संदिग्ध हालात में विषाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या कर दी। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया। परिजन बिना पुलिस कार्रवाई के शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गये। मंगलवार सुबह दस बजे दिलऊगांव के एक व्यक्ति ने 108 सेवा को सूचना दी कि ठाणा डांड क्षेत्र में एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा है। सूचना पर 108 कर्मी मौके पर पहुंचे और बेहोश युवक को सीएचसी चकराता पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## धूमधाम से मनाया जाएगा भाजपा का स्थापना दिवस

ऋषिकेश। भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके तहत 7 से 14 अप्रैल तक सामाजिक न्याय एवं सेवा सप्ताह का आयोजन होगा। 11 अप्रैल को ज्योतिबाई फुले और 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती भी मनाई जाएगी।

मंगलवार को भाजपा कार्यालय में मंडल प्रभारियों की बैठक में जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह राणा ने कहा कि पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। सामाजिक न्याय और सेवा सप्ताह के अंतर्गत 7 से 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इसमें 11 अप्रैल को ज्योतिबाई फुले के जन्मदिवस पर ओबीसी मोर्चा द्वारा मंडल स्तर पर विचार गोष्ठी आयोजित की जायेगी। जिला सह प्रभारी नलिन भट्ट ने कहा कि 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती के अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा शक्ति केंद्र स्तर पर विचार गोष्ठी आयोजित की जायेगी। इसमें बाबा साहेब के जीवन चरित्र पर चर्चा की जाएगी।

साथ ही विभिन्न स्थानों पर जहां बाबा साहेब की मूर्तियां स्थापित हैं, वहां पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जायेगा। आंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे। बैठक में जिला महामंत्री राजेंद्र तड़ियाल, सामाजिक न्याय सेवा सप्ताह के जिला संयोजक राजेश जुगलान, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार राज, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष चंद्रभान, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष रामकिशन, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सतीश सिंह, प्रभारी दिनेश सती, दिनेश सजवान, दीवान सिंह रावत, विनय कंडवाल, उषा कोठारी, पुष्पा ध्यानी, सुभाष रावत आदि उपस्थित रहे।

## दर्रारीट बॉर्डर कल से एक महीने के लिए बंद

विकासनगर। दर्रारीट बॉर्डर पर उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिला प्रशासन की ओर इन दिनों स्वागत द्वार बनाया जा रहा है। स्वागत द्वार के लिए लगाई गई सेटरिंग को कोई नुकसान न पहुंचे इसलिए सहारनपुर जिला प्रशासन ने यहां एक माह के लिए यातायात बंद कर दिया है। अब सहारनुपर जाने के लिए हिमाचल प्रदेश और हरियाणा की सीमाओं से होकर गुजरना पड़ेगा। जाहिर है अधिक भाड़ा लगने के कारण सहारनपुर से पछुवादून के बाजारों में आने वाला सामान भी महंगा होगा और किसानों को भी अपनी नगदी फसलें सहारनपुर मंडी तक पहुंचाने के लिए समय और धन ज्यादा खर्च करना पड़ेगा। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर शहर का पछुवादून और जौनसार बावर के साथ रोटी बेटी का संबंध होने के साथ ही व्यापारिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है। विकासनगर के व्यापारी भी सहारनपुर से ही थोक में सामान लेकर आते हैं।

## रामनगर से लौटी एम्स की हेली इमरजेंसी मेडिकल टीम

ऋषिकेश। रामनगर, नैनीताल में जी–20 देशों के समिट में पंहुची एम्स ऋषिकेश की हेली इमरजेंसी मेडिकल टीम लौट आई है। वीआईपी मेहमानों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं देने के लिए यह टीम 24 घंटे अलर्ट मोड पर तैनात रखी गई थी। इस टीम ने समिट स्थल पर रहते हुए मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने के लिए एम्स के ट्रॉमा सेंटर से लगातार संपर्क बनाए रखा। एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह ने कहा कि उत्तराखंड सरकार के अनुरोध पर वीआईपी मेहमानों को स्वास्थ्य संबंधी सेवााएं देने के लिए एम्स से टीम को रामनगर भेजा गया था।

## मिलावट की आशंका में पनीर के सैंपल लिए

ऋषिकेश। यात्रा सीजन के मद्देनजर ऋषिकेश में बाहर से आने वाले नकली पनीर पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। मंगलवार को एक दर्जन से अधिक डेयरियों में औचक छापेमारी की। मिलावट की आशंका में तीन डेयरियों से पनीर के नमूने लिए गए। साथ ही एक डेयरी में मिला 40 किलो बासी पनीर मौके पर नष्ट कराया। मंगलवार को उपायुक्त गढ़वाल मंडल राजेंद्र सिंह रावत, उपायुक्त मुख्यालय गणेश चंद्र कंडवाल के नेतृत्व में आगामी यात्रा सीजन के मद्देनजर शहर में बाहर से आने वाले नकली पनीर की जांच के लिए एक दर्जन से अधिक डेयरियों में छापेमारी की गई। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान हरिद्वार रोड स्थित कृष्णा डेयरी में 40 किलो बासी पनीर मिला। इस पनीर को मौके पर ही नष्ट कर दिया। डेयरी संचालक को हिदायत दी कि आगे से इस तरह की लापरवाही का मामला सामने आने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मिलावट की आशंका में गोपाल डेयरी, प्रकाश डेयरी और कृष्णा डेयरी से पनीर के सैंपल लिए। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। टीम में एफडीए विजिलेंस उपनिरीक्षक जगदीश रतूड़ी, संजय नेगी आदि शामिल रहे।



## नयार नदी में डूबने से बुजुर्ग की मौत

कोटद्वार/सतपुली : नगर पंचायत सतपुली के समीप नयार नदी में डूबने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद बुजुर्ग का अंतिम संस्कार किया।

जानकारी के अनुसार, आसपास के लोगों को नयार नदी में एक शव दिखाई दिया। उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची ने मृतक के बारे में जानकारी जुटाई तो उसकी शिनाख्त शंभु (70) के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि बुजुर्ग मेहनत-मजदूरी कर अपना पेट पालता था। उसके परिवार में कोई भी सदस्य नहीं है। ऐसे में पुलिस ने स्वयं ही उसका पंचनामा भर कोटद्वार मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया।

# पांच दिन से पानी को तरस रहे विकासनगर व गिवईस्रोत के लोग

### शिकायत के बाद भी समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा जल संस्थान ,कछुआ चाल से हो रहे नलकूप की मरम्मत से बढ़ रही समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत विकासनगर व गिवईस्रोत क्षेत्र में पिछले पांच दिन से पेयजल आपूर्ति ठप पड़ी हुई है। नतीजा, वार्डवासियों को पानी के लिए इधर-उधर दौड़ना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी जल संस्थान समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा। आक्रोशित वार्डवासियों ने जल्द समस्या का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

विकासनगर (गाड़ीघाट) में स्थित नलकूप से विकासनगर व गिवईस्रोत वार्ड के करीब एक हजार परिवारों को पेयजल उपलब्ध करवाया जाता है। लेकिन, पिछले पांच दिन से नलकूप खराब पड़ा हुआ है। नतीजा घरों में पानी नहीं पहुंचने से परिवारों की दिनचर्या प्रभावित होने लगी है। वार्डवासियों का पूरा दिन केवल पानी की तलाश में ही बीत रहा है। वार्डवासी संदीप सिंह, मुन्नी देवी, मोनिका देवी ने बताया कि गर्मी के मौसम में जल संस्थान का नलकूप जवाब देने लगता है। क्षेत्रीय जन की माने तो नलकूप में लगी मोटर दशकों पुरानी है। जल संस्थान नलकूप में लगी पुरानी मोटर को बदलने के बजाय हर बार खराब मोटर की ही मरम्मत करवाता है। नतीजा, मोटर कुछ समय चलने के बाद खराब हो जाती है। वार्ड में पेयजल किल्लत से सबसे अधिक परेशानी अकेले रहने वाले बुजुर्गों को हो रही है। कहा कि समस्या का बेहतर निराकरण हो, इसके लिए पुरानी मोटर के स्थान पर नई मोटर लगाया जाना आवश्यक है। वहीं, जल संस्थान के अधिशासी अभियंता संतोष कुमार का कहना है कि नलकूप मरम्मत का कार्य करवाया जा रहा है। जल्द ही समस्या का निराकरण कर लिया जाएगा।

### टैंकर से पहुंचाया जाएं पानी

पेयजल किल्लत से जूझ रहे वार्डवासियों ने क्षेत्र में पेयजल टैंकर से पानी उपलब्ध करवाने की मांग की है। कहा कि लगातार बढ़ रही समस्या के कारण वार्डवासियों की दिनचर्या प्रभावित होने लगी है। ऐसे में जल्द संस्थान को समस्या को गंभीरता से लेना चाहिए। वार्डवासियों का पूरा दिन केवल पानी की तलाश में ही बीत रहा है।



विकासनगर तिराहे में बना जल संस्थान का नलकूप जिससे पेयजल उपलब्ध करवाया जाता है।

# शहर में निकाली भगवान महावीर की झांकी

### जैन धर्म की ओर से मनाया गया तीर्थकर भगवान महावीर का जन्म कल्याण महोत्सव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : क्षेत्र में जैन धर्म के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर का जन्म कल्याण महोत्सव धूमधाम के मनाया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने नाटक के माध्यम से महावीर के जीवन के बारे में बताया।

मालवीय उद्यान के समीप आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर हेमलता नेगी व पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरांत बदरीनाथ मार्ग, झंडाचौक, नजीबाबाद रोड, स्टेशन रोड सहित अन्य स्थानों पर भगवान महावीर की पालकी को भ्रमण करवाया गया। कांधे पर डोली लिए श्रद्धालु महावीर के नाम का गुणगान कर रहे थे। जगह-जगह झांकी का फूल मालाओं के साथ स्वागत भी किया गया। झांकी में मौजूद महिलाओं की टोली ने भगवान महावीर के भजनों की प्रस्तुति भी दी। इससे पूर्व, मंदिर में भगवान महावीर की विशेष पूजा भी की गई थी। बालिका आकृति जैन, आर्या जैन, पूर्णिमा जैन, स्तुति जैन ने मंगलाचरण के साथ ही महावीर के जीवन पर नाटक की भी प्रस्तुति दी। वक्ताओं ने कहा कि भगवान महावीर ने समाज को सत्य के मार्ग पर चलने की सीख दी थी। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष नेमचंद्र, अशोक कुमार जैन, पवन जैन, रविंद्र जैन, विजय जैन, प्रकाश जैन, आलोक जैन, जेपी जैन, डा. अभिषेक जैन, विनोद जैन, संजय जैन, प्रशांत जैन आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में भगवान महावीर की झांकी निकालते अनुयायी

## रश्मि बनीं कांग्रेस की महिला अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : उत्तराखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने नैनीडांडा ब्लॉक की पूर्व प्रमुख रश्मि पटवाल को कोटद्वार कांग्रेस की महिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। कहा कि उनके अनुभव से कांग्रेस पार्टी को लाभ मिलेगा। इससे पूर्व भी रश्मि पटवाल ने ब्लॉक प्रमुख व महिला कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री के रूप में भी सक्रिय कार्यकत्री रही। कहा कि उनका दायित्व अब कोटद्वार में पार्टी के लिए बेहतर कार्य करना है।

इस मौके पर नैनीडांडा ब्लाक के कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष जंगबहादुर सिंह नेगी, जिला कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष यशपाल सिंह रावत, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष गोपाल रावत, मनीष सुंद्रियाल आदि ने नव नियुक्त अध्यक्ष को बधाई व शुभकामनाएं दी।

# हनुमान जयंती से पूर्व सिद्धबली में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : छः अप्रैल को मनाई जाने वाली हनुमान जयंती से पूर्व मंगलवार को बाबा के दर पर भक्तों की भारी भीड़ी उमड़ी रही। भक्तों ने घंटों लाइन में खड़े रहकर बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया था।

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में स्थित सिद्धबली बाबा से सैकड़ों भक्तों की आस्था जुड़ी हुई है। यही कारण है कि मंगलवार व रविवार को बाबा के दर पर भक्तों की भीड़ उमड़ी रहती है। छः अप्रैल को मनाई जाने वाली हनुमान जयंती से पूर्व मंगलवार को मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। मंगलवार सुबह से ही मंदिर के प्रवेश द्वार से लेकर बाबा के दरबार तक भक्तों की लंबी लाइनें लगी हुई थी। देहरादून से पहुंची राजेंद्र कुमार ने बताया कि वह घर में कोई भी शुभ कार्य प्रारंभ करते से पूर्व बाबा के दर्शन को पहुंचते हैं। मंगलवार को वह अपने पूरे परिवार के साथ मंदिर दर्शन को पहुंचे हैं। करीब एक घंटे लाइन में खड़े रहने के बाद उन्हें बाबा के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वहीं, मंदिर में भक्तों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।



मंगलवार को कोटद्वार के श्री सिद्धबली मंदिर में बाबा के दर्शनों को लगी भक्तों की कतार

## पारिवारिक विवाद : तीन महिलाओं सहित पांच गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : नगर पंचायत सतपुली के वार्ड नंबर 2 में एक ही परिवार के पक्षों में बीती सोमवार देर रात विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष हाथापाई पर उतारू हो गये।

विवाद की सूचना मिलते ही सतपुली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने झगड़ा कर रहे तीन महिलाओं सहित पांच लोगों को आईपीसी की धारा 151/107/116 के अन्तर्गत गिरफ्तार किया। मंगलवार को पुलिस ने पांच लोगों को उपजिलाधिकारी सतपुली के समक्ष पेश किया। कोतवाली सतपुली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोहित कुमार पुत्र महावीर प्रसाद उम्र 26 वर्ष, हेमंत पुत्र महावीर प्रसाद उम्र 32 वर्ष, सुखमाया देवी पत्नी महावीर प्रसाद उम्र 52 वर्ष, नेहा पत्नी हेमंत कुमार उम्र 22 वर्ष, संतोषी देवी पत्नी बसंत कुमार उम्र 36 वर्ष को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

## प्रदेश के प्रत्येक अस्पताल में खुले जन औषधी केंद्र

### स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति के प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में प्रधानमंत्री जन औषधी केंद्र खोलने की मांग की है। कहा कि जनता के हित को देखते हुए इस पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। योजना के धरातल पर उतरने से गरीब परिवार के लोगों को बेहतर लाभ मिलेगा।


मंगलवार को समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों को सस्ती दवा उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री जन औषधी केंद्र योजना चलाई गई है। लेकिन, उत्तराखंड राज्य में अब भी कई सरकारी अस्पतालों में यह योजना रंग नहीं ला पाई है। नतीजा गरीब परिवारों को अब भी मेडिकल स्टोर से महंगी दवा खरीदनी पड़ रही है। आर्थिक तंगी के कारण कई लोग बेहतर उपचार तक नहीं करवा पाते। कहा कि अस्पतालों में जन औषधी केंद्र खोलने के बाद चिकित्सकों को भी पर्चे में जैनरिक दवाएं लिखने के निर्देश दिए जाने चाहिए। इससे जरूरतमंदों को काफी राहत मिलेगी।

# सिद्धबली में धूमधाम से मनाई जाएगी हनुमान जयंती

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : छः अप्रैल को श्री सिद्धबली मंदिर में हनुमान जयंती धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। मंदिर में विशेष पूजन के साथ भजन कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। मंगलवार को मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। श्री सिद्धाबली मंदिर समिति के अध्यक्ष जेपी ध्यानी ने बताया कि छः अप्रैल को सुबह पांच बजे पिंडी महाभिषेक किया जाएगा। साढ़े सात बजे महायज्ञ होगा। सुबह आठ बजे नजीबाबाद रोड से मंदिर परिसर तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। प्रातः दस बजे गायक पवन गोदियाल व कविता गोदियाल मनमोहक भजनों की प्रस्तुति देंगी।



बाबा सिद्धबली का दरवार जहां हनुमान जयंती पर कार्यक्रम होंगे।

## गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग की

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : श्री राधाकृष्ण बद्री गौ धाम निलाडा से कलश यात्रा ज्वाल्पा देवी मंदिर होते हुए पौड़ी पहुंची। यहां श्री राधाकृष्ण बद्री गौ संवर्द्धन एवं ग्राम्य विकास संस्थान ने गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भी भेजा।

संस्थान से जुड़े पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने निलाडा से ज्वाल्पा देवी और इसके बाद पौड़ी लक्ष्मी नारायण मंदिर तक पैदल कलश यात्रा निकाली। पौड़ी पहुंचने पर संस्थान ने एक ज्ञापन भी एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा जिसमें गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग उठाई गई। इसके बाद कलश यात्रा वापस निलाडा के लिए रवाना हुई।

संस्थान के कोषाध्यक्ष उत्तम सिंह नेगी ने बताया कि कल से निलाडा गौ धाम में श्रीमद्भागवत का शुभारंभ किया जाएगा।

कथा श्रवण के लिए आस-पास के गांवों के श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कलश यात्रा में कथावाचक पंडित दुर्गेश चमोली, सचिव कल्याण सिंह रावत, विहिप जिला महामंत्री मातंग मलासी, बलवीर रावत, मदन सिंह सहित पातल, पणिया, गिंठाली, तोली, निलाडा की महिला मंगल दलों ने हिस्सा लिया।

## कंपनियों में लगे वाहनों में लोकल सवारी बैठाने पर भड़के चालक

श्रीनगर गढ़वाल : अलकनंदा कमांडर टैक्सी समिति ने कंपनी में लगे वाहनों द्वारा सवारियां ले जाने पर रोष व्यक्त किया है। इस संदर्भ में टैक्सी समिति ने रेलवे परियोजना की निर्माणदायी कंपनी के इंचार्ज जनासू को ज्ञापन प्रेषित कर कहा कि रेलवे निर्माण में लगे वाहनों द्वारा लोकल सवारियों को बैठाया जा रहा है। जिससे टैक्सी चालकों में आक्रोश व्याप्त है। कहा कि इससे पहले भी कई बार कंपनियों के वाहनों द्वारा सवारियों को ले जाते हुए देखा गया है। जिसकी शिकायत पहले भी की गई है, लेकिन कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है। कहा की यदि इस तरह की पुनरावृत्ति होगी तो टैक्सी चालक कंपनी के खिलाफ आंदोलन के बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में योगेंद्र सिंह चौहान, बलवीर राणा, उदय राज, पंकज रावत, कुलदीप रावत, अखिलेश, राहुल, लक्ष्मण सिंह नेगी आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## चालीस बेड में ऑक्सीजन, मरीज भर्ती नहीं

रुड़की। सिविल अस्पताल में कोविड के लिए ही चालीस बेड बनाए गए हैं। रूटीन में इन बेडों का उपयोग भी नहीं हो रहा है। यहां भी स्टाफ नहीं है। मरीज भर्ती करने पर उसमें स्टाफ नर्स से लेकर वार्ड ब्वाय की जरूरत है। जो स्टाफ है वह 106 बेड के लिए भी पूरा नहीं है। ऐसे में यह चालीस बेड उपयोग में नहीं है। लेकिन अगर कोविड के मामले आते हैं तो इसके लिए इन बेडों में तैयारी की गई है। बेडों में ऑक्सीजन सप्लाई शुरू कर दी गई है। मंगलवार को सार्वजनिक अवकाश के चलते ओपीडी आधे दिन ही चली। केवल दो ही मरीजों की कोविड की जांच की गई। एंटीजन जांच में दोनों ही रिपोर्ट नेगेटिव आई। इससे पहले अब तक छह से सात मरीजों की जांच रोज हो रही थी।

## प्रतिबंधित मांस तस्करी के आरोप में एक पकड़ा

रुड़की। प्रतिबंधित मांस तस्करी के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जिला मुख्यालय पर तैनात गो संरक्षण स्क्वायड प्रभारी उप निरीक्षक शरद सिंह टीम के साथ मंगलवार को कोतवाली पहुंचे।

# नगर निगम का चैक बाउंस होने पर भड़का नागरिक मंच

**नगर संवाददाता**

**श्रीनगर गढ़वाल** : नागरिक मंच श्रीनगर ने नगर निगम प्रशासन पर वित्तीय अनियमिताओं का आरोप लगाया है। उन्होंने सहायक आयुक्त से नगर निगम की ओर से प्रत्येक दिन हो रही शुल्क वसूली तथा अन्य वित्तीय खर्चों का श्वेत पत्र जारी करने की मांग की। नगर निगम का चैक बाउंस होने से नागरिक मंच ने आक्रोश व्याप्त है।

इस संदर्भ में मंच ने नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त को दिए ज्ञापन में कहा कि नागरिक मंच श्रीनगर की ओर से नगर निगम के सभागार में एक बैठक बीती 5 मार्च को रखी गई थी। जिसके लिए नगर निगम को आयोजन से 15 दिन पूर्व ही शुल्क जमा किया गया था।

जबकि आयोजन के ठीक एक दिन पहले नगर निगम की ओर से केंद्रीय टीम की बैठक होने का हवाला देते हुए अपरिहार्य कारणों से नागरिक मंच के आयोजन के लिए हुई बुकिंग को निरस्त कर दिया गया। नागरिक मंच के अनिल स्वामी और मुकेश सेमवाल ने कहा कि नागरिक मंच को बैठक के लिए सभागार उपलब्ध नहीं कराया गया। जबकि पांच मार्च को सभागार में पूरे दिन ताला लगा रहा और कोई गतिविधि नहीं हुई। कहा कि नागरिक मंच की ओर से लिए गए शुल्क को नगर निगम की ओर से चेक से वापस किया गया, जो बैंक में बाउंस हो गया। जबकि उनके एकाउंट से 177 रुपए अनायास ही बैंक से कटौती भी हो गए। उन्होंने नगर निगम की इस कार्यशैली पर रोष जताते हुए इसे मंच का अपमान बताया।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग की

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**श्रीनगर गढ़वाल** : विकासखंड कीर्तिनगर में कर्मचारियों ने एसडीएम सोनिया पंत और जय सिंह कठैत पूर्व सदस्य राज्य योजना आयोग को पुरानी पेंशन बहाली हेतु ज्ञापन दिया। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष राजीव उनियाल ने कहा है कि अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से 8 अप्रैल तक अपनी मांग पुरानी पेंशन बहाली हेतु ज्ञापन दिए जा रहे है। कहा जब तक सरकार उनकी मांग पर अमल नहीं करती है तब तक मोर्चा की ओर से मांग जारी रखी जाएगी। इस अवसर पर ममता पंचभैया, बिजेंद्र, अमर सिंह, चंद्रमोहन मेवाड़, रीना खत्री, शालनी राणा, जयश्री सुंदरियाल, गीता भिलंगवाल, दीपिका, मनोज कुमार, कुलदीप रौथाण आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# पॉड टैक्सी रूट के विरोध में व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

हरिद्वार। पॉड टैक्सी के रूट को लेकर व्यापारियों ने मंगलवार को अपर रोड पर विरोध प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि पॉड टैक्सी के रूट को जीरो जोन क्षेत्र से बाहर किया जाए। व्यापारियों ने कहा कि हमें विकास के नाम पर विनाश नहीं चाहिए। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंघल ने कहा कि इस प्रकार के प्रोजेक्ट से शहर की पौराणिकता को समाप्त किया जा रहा है। जिला महामंत्री संजय त्रिवाल ने कहा कि अपर रोड पर कुंभ मेला के अलावा वर्ष भर बड़े–बड़े धार्मिक जुलूस निकलते हैं जिसमें बहुत धर्म पताकाएं निकलती हैं। धार्मिक गुरुजनों के बड़े–बड़े सिंहासन विराजमान होते हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों के बीच में पिलर खड़े होंगे तो जगह कहां बचेगी? संरक्षक तेज प्रकाश साहू ने कहा कि हरिद्वार की भौगोलिक परिस्थितियां अन्य बडे शहरों से भिन्न है। काशी, प्रयागराज, उज्जैन, मथुरा में चारों ओर जमीन उपलब्ध हैं लेकिन हरिद्वार मुख्य रूप से हरकी पैड़ी से लेकर रेलवे स्टेशन के डेढ़ किमी क्षेत्र अधिक बसता है। एक ओर शिवालिक पर्वतमाला दूसरी तरफ मां गंगा हैं। मालूम हो कि सोमवार को प्रशासन की टीम ने रेल मेट्रो के अधिकारियों के साथ अपर रोड क्षेत्र का निरीक्षण किया था। जिसमें पुलिस, लोनिवि, श्रीगंगा सभा, व्यापारी समेत अन्य लोगों से सुझाव लिए गए थे। प्रदर्शन करने वालों में विनय त्रिवाल, गोपाल दास, सुनील कुमार, पवन सुखीजा, गगन गुगनानी, अजय रावल, विशाल माहेश्वरी, आनंद फौजी राजीव शर्मा, महेश कुमार, अमन कुमार साहिल शर्मा, धर्मेंद्र शाह आदि शामिल रहे।

## 7 को होगी गुरिल्ला संगठन की बैठक

**श्रीनगर गढ़वाल** : एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला संगठन की आम बैठक आगामी सात अप्रैल को काली कमली धर्मशाला श्रीनगर में आयोजित की जाएगी।

बैठक में गुरिल्ला संगठन द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर विचार-विमर्श कर आगामी रणनीति तय की जाएगी। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रहमानंद डालाकोटी, टिहरी जिलाध्याक्ष दिनेश प्रसाद गैरोला, उत्तरकाशीके जिलाध्यक्ष जयेंद्र रावत, मान सिंह रावत, सुनील चौधरी, गुलाब सिंह, हिम्मत सिंह मेहरा, उत्तम रतूडी, बृजमोहन गुसाईं, अनिल प्रसाद भट्ट, राजेंद्र सिंह भंडारी आदि शामिल होगें। **(एजेंसी)**

# शराब की दुकान के विरोध में किया प्रदर्शन



बागेश्वर। केदारेश्वर मैदान को जाने वाले मार्ग के पास शराब की दुकान का विरोध लगातार जारी है। धार्मिक स्थल के पास दुकान को कतई सहन नहीं किया जाएगा। नाराज लोगों ने विरोध में प्रदर्शन किया। एक स्वर से कहा कि जब तक वहां से दुकान नहीं हटाई जाएगी उनका आंदोलन जारी रहेगा। प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगया। कहा कि जल्द ही इस मामले में विधायक तथा डीएम से बात की जाएगी। पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष शेर सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के लोग मंगलवार को भराड़ी टैक्सी स्टेंड के पास एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि प्रशासन शराब बिक्री करने वालों के दबाव में काम कर रहा है। कपकोट को हृदय कहा जाने वाला केदारेश्वर मैदान के समीप शराब की दुकान खोली गई, जिसका क्षेत्र के लोग लगातार विरोध कर रहे हैं, प्रशासन कार्रवाई करने के बजाए आश्वासनों की घुट्टी पिला रहा है। उन्होंने कहा कि इस मैदान में युवा सुबह खेलने आते हैं। दुर्गा पूजा, कृष्ण जन्माष्टमी जैसे कार्यक्रम इसी मैदान में होते हैं। इसके बावजूद इस मार्ग पर शराब की दुकान खोलना न्यायोचित नहीं है। इस मामले में एक शिष्टमंडल जल्द विधायक सुरेश गड़िया, डीएम अनुराधा पाल से मुलाकात करेगा। जनहित में इस दुकान को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की जाएगी। इसके बाद भी दुकान नहीं हटी तो मातृशक्ति के साथ दुकान के बाहर धरना दिया जाएगा। शराब की बिक्री नहीं होने दी जाएगी। इस मौके पर कमल सिंह, चंद्रप्रकाश, बलवंत जोशी, हेम जोशी, चंचल सिंह, महेश कुमार, रफीक, मुमताज आदि मौजूद रहे।

## मृतक आरक्षी लक्ष्मण के परिवार को दिया 50 लाख का चेक

रुद्रपुर : ड्यूटी के दौरान ट्रक की चपेट में आकर मौत हो जाने पर आरक्षी लक्ष्मण सिंह के पिता और उनकी पत्नी को पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी एवं एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने मंगलवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता का चेक दिया। विगत दिनों थाना किच्छा चौकी लालपुर तैनात आरक्षी बिष्ट की चेकिंग ड्यूटी के दौरान ट्रक से दुर्घटना होने पर उनकी मृत्यु हो गई थी।

पंजाब नेशनल बैंक में जीवन रक्षक स्कीम के अंतर्गत खुला होने के कारण आर्थिक सहायता के रूप में 50 लाख रुपये देने का प्रावधान था।

# प्राधिकरण ने नक्शा पास कराए बगैर निर्माण पर जारी किया नोटिस

हल्द्वानी। नैनीताल रोड स्थित सरना कोठी के समीप नक्शा पास किए बगैर हो रहे व्यावसायिक निर्माण को ध्यान में रखते हुए विगत दिवस प्राधिकरण ने भवन को सील कर दिया था। मामले में मंगलवार को जिला विकास प्राधिकरण की संयुक्त सचिव ने भवन स्वामी को नोटिस जारी कर 10 अप्रैल तक प्राधिकरण में पक्ष रखने को कहा है।

नैनीताल रोड स्थित सरना कोठी के समीप विगत दिवस प्राधिकरण के समक्ष नजूल भूमि में बगैर नक्शे के व्यावसायिक निर्माण किए जाने और भवन के एक कक्ष में धार्मिक गतिविधियां चलने की शिकायत मिली थी। जिसे लेकर कुछ लोगों ने क्षेत्र में हंगामा किया था। इस दौरान धर्मगुरु के साथ अभद्रता किए जाने का भी आरोप लगाया गया था।

विरोध में सैकड़ों लोगों ने थाने में जमा होकर कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला विकास प्राधिकरण की संयुक्त सचिव ऋचा सिंह ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर सोमवार को निर्माणाधीन भवन को सील कर दिया था। मंगलवार को प्राधिकरण की संयुक्त ने भवन स्वामी को नोटिस जारी किया है। इसमें उन्हें 10 अप्रैल तक प्राधिकरण में प्रस्तुत होकर नक्शा व भूमि के स्टेटस को लेकर दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया है। ऋचा सिंह ने बताया कि मामले में भवन स्वामी की ओर से दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। उधर, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने बताया कि प्राधिकरण की सुनवाई के दौरान भूमि का स्टेटस तय हो जाएगा। इस दौरान यदि भूमि के नजूल होने की पुष्टि होती है तो नगर निगम की ओर से मामले में आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# सरकार के तानाशाही रैवये से आम जनता परेशान : पालिकाध्यक्ष

अल्मोड़ा : जिला विकास प्राधिकरण समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग को लेकर सर्वदलीय संघर्ष समिति का धरना प्रदर्शन जारी है। मंगलवार को भी समिति से जुड़े विभिन्न संगठनों के लोगों ने गांधी पार्क में धरना दिया। सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। शासनादेश जारी होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी। अल्मोड़ा मालरोड स्थित गांधी पार्क में धरना सभा को संबोधित करते हुए समिति के संयोजक और पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि समिति विगत कई वर्षों से डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग कर रही है। लेकिन सरकार के कानों में जू तक नहीं रेंग रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में इस तानाशाही रैवये से आम जनता परेशान है। डीडीए लागू होने के बाद से ही जनता की मुश्किलें काफी बढ़ गई है। धरना प्रदर्शन में सभासद हेम चंद्र तिवारी, आनंदी वर्मा, ललित मोहन पंत, आनंद सिंह बगड़वाल, शहाबुद्दीन, चंद्रमणी भट्ट, रोबिन मनोज भंडारी, भारत रत्न पांडे, प्रत्येश पांडे समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

## अप्रैल में भी लोग गर्म कपड़े पहनने को मजबूर

चम्पावत : चम्पावत में तड़के से बादल छाए रहे। इससे ठंड में बढ़ोत्तरी हो गई। बादल छाने से दिन भर बारिश की संभावना बनी रही। लेकिन बारिश नहीं हो सकी। चम्पावत में मंगलवार को तड़के से बादल छाए रहे। इससे तापमान में गिरावट आ गई।

## पर्यावरण मित्रों की हड़ताल समाप्त

चम्पावत : विभिन्न मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार पर गए बनबसा नगर पंचायत पर्यावरण मित्र मंगलवार को काम पर लौट गए हैं। जिससे शहर के लोगों ने राहत की सांस ली है। ईओ राकेश कोटिया से मांगों को लेकर हुई वार्ता के बाद पर्यावरण मित्रों की हड़ताल समाप्त हो गई है। हड़ताल समाप्त होने के बाद पर्यावरण मित्रों ने नगर की सफाई कर जमा कूड़े का निस्तारण किया। सात सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांति मोर्चा के बैनर तले पर्यावरण मित्र कार्य बहिष्कार कर हड़ताल पर बैठे थे।

# लिखित आश्वासन पर सड़क निर्माण शुरू

अल्मोड़ा : बाइस ओखला सड़क निर्माण में आ रहे पेयजल स्रोत का निरीक्षण कर मंगलवार को एसडीएम की मध्यस्थता में लोनिवि अभियंताओं और ग्रामीणों के बीच हुए लिखित समझौते के बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है समझौते के अनुरूप निर्माण नहीं होने पर पुनः सड़क निर्माण रोकने के लिए मजबूर हो जाएंगे। ग्रामीणों का विरोध था कि पीएमजीएसवाई के तहत निर्माणाधीन उड़लीखान-आगरमनराल-बाइसओखला मोटर मार्ग से खड़कतया के सैलीफाट गांव का एकमात्र पेयजल और सिंचाई स्रोत के ऊपर से सड़क निर्माण सर्वे की गई है। कहा सड़क निर्माण से 60 परिवारों के लिए पेयजल व सिंचाई का एकमात्र स्रोत सूख जाएगा। इससे गांव का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। इसको लेकर ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय में प्रदर्शन के साथ गांव में आंदोलन कर सड़क को पेयजल स्रोत से अन्यत्र स्थान को ले जाने की मांग की गई थी। मंगलवार को सेलीफाट में एसडीएम जयवर्धन शर्मा, तहसीलदार विवेक रजौरी एवं लोनिवि के ईई लीलाधर मथेला, एई दर्शन सिंह नेगी, अमीन एसपी साह पहुंचे। ग्रामीणों और लोनिवि अभियंताओं की एसडीएम की मध्यस्थता में तय हुआ कि पेयजल स्रोत से करीब 20 –25 मीटर की दूरी पर नीचे से सड़क का निर्माण किया जाएगा, पेयजल स्रोत को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे इस स्थान पर मैनवल से काम होगा। इसका गांव वालों को लिखित आश्वासन दिया गया। इस मौके पर ग्रामीणों की ओर से कल्याण सिंह इंद्रमणी,गोपाल दत्त, भोपाल नाथ, हरीश नाथ, प्रेमनाथ, गोपुली देवी, हेमादेवी, लीला देवी, मोतुली देवी, उमेश चंद्र, खीमा देवी अनीता देवी, जोगुली देवी, तुलसी देवी, कमला देवी, नीमा देवी मंजू देवी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## 35 माताएं कमला नेहरू पुरस्कार से सम्मानित

रुद्रपुर : रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मंगलवार को गृह परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। साथ ही कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# प्री–मेच्योर रिटायरमेंट वाले जवानों को भी ओआरओपी का लाभ दिया जाए

अल्मोड़ा : एक जुलाई 2014 से बाद सेवानिवृत्त सैन्य जवानों को वन रेंक वन पेंशन का लाभ नहीं दिए जाने से भूतपूर्व सैनिकों में आक्रोश हैं। केंद्र सरकार पर जवानों के साथ अन्याय का आरोप लगाते हुए कहा कि जंतर-मंतर दिल्ली में चल रहे अनिश्चितकालीन धरन-प्रदर्शन का समर्थन किया। पूर्व सैनिक लीग ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज जवानों को न्याय दिलाने का आग्रह किया। पूर्व सैनिक लीग रानीखेत और पूर्व सैनिक संगठन फल्दाकोट ने संयुक्त रूप से संयुक्त मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया कि देश की आजादी के बाद जवानों के साथ लगातार भेदभाव और अन्याय होता रहा है।

केंद्र सरकार द्वारा लागू वन रेंक वन पेंशन में कलर सर्विस करके आए जवानों तथा एक जुलाई 2014 से पहले प्री–मेच्योर रिटायरमेंट आए सैनिकों को ही ओआरओपी का लाभ दिया जाएगा, जबकि इसके बाद प्री–मेच्योर रिटायरमेंट आए जवानों को वन रेंक पेंशन का लाभ देने का प्रावधान नहीं किया गया है, जोकि उनके साथ अन्याय है। इस मौके पर पूर्व सैनिक लीग रानीखेत के अध्यक्ष कैप्टन महेंद्र सिंह रावत, सचिव कैप्टन अर्जुन सिंह, सूमे सुरेंद्र साह, नंदन सिंह रावत, हवलदार पूरन सिंह बिष्ट, नायक ललित मोहन पंत, नासू हीरा सिंह चंदन सिंह, महेश चंद्र जोशी, सोबन सिंह खाती, गोविंद सिंह, आरडी उपाध्याय, प्रताप सिंह, बीएस धपोला, गोविंद सिंह सहित भूतपूर्व सैनिक संगठन फल्दाकोट के हवलदार पनीराम, राजेंद्र सिंह, रमेश सिंह, ध्यान सिंह, नंदन सिंह, दीवान सिंह, बाग सिंह, महेंद्र सिंह टनवाल, देव सिंह बेलवाल, सुंदर सिंह, जोगा आर्या, प्रकाश बिष्ट आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## चंदन बनें टैक्सी यूनियन के निर्विरोध अध्यक्ष

अल्मोड़ा : टैक्सी यूनियन की बैठक में अध्यक्ष के पद पर चंदन वर्मा को निर्विरोध चुना गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष ने सभी टैक्सी चालकों और टैक्सी मालिकों का आभार जताया और सभी की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास की बात कही। संरक्षक पद पर राजन सिंह नयाल, उपाध्यक्ष पद अनिल राणा, कोषाध्यक्ष मोहन सिंह भाकुनी, सचिव चंदन सिंह को चुना गया। यहां आनंद सिंह रावत, लाल सिंह, कैलाश सिंह, मनोज सिंह, शंकर भाकुनी, आनंद मेहरा, रमेश बोरा, राजू जोशी, हरीश सिंह, शिव सिंह, राजू मिश्रा, बलवंत कैड़ा, पंकज पांडे, महेंद्र गिरी, विजेंद्र नयाल, तारा सिंह राणा आदि रहे। (एजेंसी)

## एसएसपी इलेवन पहुंची फाइनल में

रुद्रपुर : क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ यूएसनगर के तत्वाधान में चल रही प्रथम सर्विसेज क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें एसएसपी इलेवन ने अशोका लीलैंड को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मंगलवार को अशोका लीलैंड ने टॉस जीतकर पहले एसएसपी इलेवन को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। एसएसपी इलेवन ने 3 विकेट खोकर निर्धारित 20 ओवरों में 239 रनों का स्कोर खड़ा किया। एसएसपी इलेवन की ओर से सुरेंद्र बिष्ट ने 99 रन की पारी खेली। वहीं, लक्ष्य का पीछा करने उतरी अशोका लेलैंड की पूरी टीम 76 रन बनाकर आउट हो गई। सुरेंद्र को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# मल्लिकार्जुन मंदिर को मानसखण्ड कॉरिडोर जोड़ा जाए

पिथौरागढ़ : अस्कोट के क्षेत्रीय लोगों ने प्रसिद्ध मल्लिकार्जुन महादेव मंदिर को मानसखंड कॉरिडोर योजना से जोड़ने के लिए सरकार से मांग उठाई है। पुरातन मंदिर को मानसखंड कॉरिडोर में शामिल करने से देश–विदेश के श्रद्धालुओं को इसके दर्शनों का लाभ मिलेगा। इस सीमांत क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन विकास की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। अस्कोट के उत्तराखंड सांस्कृतिक मंच ने प्रदेश सरकार से मानसखण्ड कॉरिडोर में मल्लिकार्जुन महादेव मंदिर को शामिल करने की मांग की है। मंगलवार को अध्यक्ष गोविन्द भण्डारी ने कहा कि अंगलेख नामक पहाड़ी की चोटी पर स्थित मल्लिकार्जुन मंदिर न केवल भारत बल्कि पडोसी देश नेपाल के एक बड़े सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों का प्रमुख धार्मिक स्थल है। सन 1822 में तत्कालीन राजा महेन्द्र पाल द्वितीय द्वारा निर्मित इस मन्दिर में स्थित स्वयं प्रस्फुटित शिवलिंग भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक श्री मल्लिकार्जुनम् का ही अंश माना जाता है। 1960 से पूर्व तक जब अस्कोट भी प्रसिद्ध कैलाश मानसरोवर यात्रा का एक पड़ाव स्थल था। यात्री दर्शनों के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए आगे बढ़ते थे। अस्कोट राजवंश के 108वें कुंवर भानुराज पाल,मल्लिकार्जुन महोत्सव समिति के अध्यक्ष महेश पाल, कोषाध्यक्ष वीरजंग पाल, सचिव गणेश भट्ट, मुख्य पुजारी एनबी पंत सहित अन्य क्षेत्रवासियों ने सरकार से मानसखण्ड कोरिडोर में शामिल करने की मांग की है। (एजेंसी)

## व्यापार संघ भतरौजखान ने दिया धरना

अल्मोड़ा : आरटीआई कार्यकर्ता कैलाश पंत द्वारा लाइन मैन बालकृष्ण के साथ मारपीट करने से गुस्साये व्यापार संघ भतरोंजखान ने मंगलवार को बाजार में प्रदर्शन कर भतरोंजखान चौराहे पर धरना दिया है इस दौरान व्यापार संघ ने कैलाश पंत की तत्काल गिरफ्दारी की मांग कर ऐलान किया है यदि गिरफ्दारी नहीं हुयी तो अनिश्चितकालीन बाजार बंद व चक्काजाम किया जायेगा।

# पार्किंग के अभाव में नगर में बढ़ रही अव्यवस्थाएं

अल्मोड़ा : रानीखेत नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक में विभिन्न समस्याओं और जनहित के मुद्दों पर चर्चा की गई। पीसीसी सदस्य कैलाश पांडे की अध्यक्षता में हुई बैठक मुख्य रूप से नगर में पार्किंग की समस्या पर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्किंग के अभाव में नगर में अव्यवस्थाएं बढ़ रही हैं। वाहनों के बढ़ते दबाव के बीच अक्सर जाम लगने से स्थानीय लोगों के साथ सैलानियों को भी दिक्कतें होती हैं। इस संबंध में जल निगम निर्माण इकाई के अधिशासी अभियंता से दूरभाष पर वार्ता की गई। अधिशासी अभियंता ने पार्किंग निर्माण को लेकर शासन स्तर पर डीपीआर तैयार किए जाने की बात कही। कार्यकर्ताओं ने समस्याओं का समाधान न होने पर नाराजगी प्रकट की। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि राजकीय चिकित्सालय में मरीजों को पेश आ रही परेशानियों के संबंध में कांग्रेस का शिष्टमंडल चिकित्सालय जाकर सीएमएस से वार्ता करेगा।

बैठक में पूर्व ब्लॉक प्रमुख रचना रावत, हेमंत मेहरा, नगर उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार, दीवान नेगी, संदीप बंसल, कमल तिवारी, सोनू सिद्दीकी आदि रहे। (एजेंसी)

## संगठन को मजबूत बनाने का किया आह्वान

बागेश्वर : भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहीउद्दीन अहमद तिवारी ने कार्यकारिणी का विस्तार किया है। उन्होंने नगर के लिए संजय एस सिंह, आरिफ खान को जिला उपाध्यक्ष और गरुड़ के लिए आसिफ हुसैन और मोहम्मद आरिफ को उपाध्यक्ष बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन, मोर्चा प्रभारी मुकेश कोली, भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, मोर्चा प्रभारी रवि करायत की सहमति पर मंडल और सह मंडल प्रभारियों को यह दायित्व सौंपा गया है।

# खटीमा में कमेटी करेगी फसलों के नुकसान का आंकलन



रुद्रपुर : पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण हो रही बेमौसम बरसात से किसानों को हुए नुकसान का आकलन तीन सदस्सीय कमेटी करेगी। जिलाधिकारी के आदेश पर नुकसान के आकलन के लिए कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की रिपोर्ट के बाद ही मुआवजा देने की कार्यवाही की जाएगी। बरसात के कारण खेतों में गेहूं की बाली गिर गई है। इससे गेहूं का दाना खराब हो गया है। गेहूं की फसल बर्बाद होने पर किसानों की सरकार से मुआवजे की मांग लगातार चल रही थी। जिलाधिकारी ने गेहूं की फसल के नुकसान के सर्वे के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। टीम ने खटीमा में सर्वे कार्य शुरू कर दिया है। फसल खराब होने से परेशान किसानों का कहना है कि इस बार उन्हें अच्छा गेहूं होने की उम्मीद थी, लेकिन बेमौसम भारी बरसात में उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। उनकी सरकार से मांग है कि जल्द से जल्द सर्वे कराया जाए और उन्हें मुआवजा दिया जाए। एसडीएम रविंद्र बिष्ट ने बताया कि तीन सदस्यीय कमेटी ने खटीमा क्षेत्र में बारिश से खराब हुई फसल का सर्वे शुरू कर दिया है। कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद किसानों को तत्काल मुआवजा दिया जाएगा। (एजेंसी)

# शराब के विरोध में किया प्रदर्शन, सरकार पर लगाया अनदेखी का आरोप

बागेश्वर : केदारेश्वर मैदान को जाने वाले मार्ग के पास शराब की दुकान का विरोध लगातार जारी है। धार्मिक स्थल के पास दुकान को कतई सहन नहीं किया जाएगा। नाराज लोगों ने विरोध में प्रदर्शन किया। एक स्वर से कहा कि जब तक वहां से दुकान नहीं हटाई जाएगी उनका आंदोलन जारी रहेगा। प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगया। कहा कि जल्द ही इस मामले में विधायक तथा डीएम से बात की जाएगी। पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष शेर सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के लोग मंगलवार को भराड़ी टैक्सी स्टेंड के पास एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि प्रशासन शराब बिक्री करने वालों के दबाव में काम कर रहा है। कपकोट को हृदय कहा जाने वाला केदारेश्वर मैदान के समीप शराब की दुकान खोली गई, जिसका क्षेत्र के लोग लगातार विरोध कर रहे हैं, प्रशासन कार्रवाई करने के बजाए आश्वासनों की घुट्टी पिला रहा है। उन्होंने कहा कि इस मैदान में युवा सुबह खेलने आते हैं। दुर्गा पूजा, कृष्ण जन्माष्टमी जैसे कार्यक्रम इसी मैदान में होते हैं। इसके बावजूद इस मार्ग पर शराब की दुकान खोलना न्यायोचित नहीं है। इस मामले में एक शिष्टमंडल जल्द विधायक सुरेश गड़िया, डीएम अनुराधा पाल से मुलाकात करेगा। जनहित में इस दुकान को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की जाएगी। इसके बाद भी दुकान नहीं हटी तो मातृशक्ति के साथ दुकान के बाहर धरना दिया जाएगा। शराब की बिक्री नहीं होने दी जाएगी। इस मौके पर कमल सिंह, चंद्रप्रकाश, बलवंत जोशी, हेम जोशी, चंचल सिंह, महेश कुमार, रफीक, मुमताज आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## बारिश ने खोली लोनिवि के विकास कार्यों की पोल

बागेश्वर : डामरीकरण के एक सप्ताह बाद हुई बारिश ने लोक निर्माण विभाग की पोल खोल दी है। सड़क में किए डामर कई जगह उखड़ने लगा है तथा जिन स्थानों पर पूर्व में गड्ढे थे वहां पर फिर से तलैया बन रही है। बागेश्वर–जौलकांडे मोटर मार्ग में इन दिनों डामरीकरण का काम किया जा रहा है। इस मार्ग में पूर्व से गड्ढे थे। ग्राम प्रधान प्रिया उप्रेती, उप प्रधान नैना लोहुमी, हेमंत कुमार, किशोर शर्मा, भास्कर लोहनी, ललित भटट, पप्पू भट्ट ने कहा कि बिना सोलिंग के डामर करना विभागीय लापरवाही है तथा यह सरकार के धन का दुरूपयोग है। उन्होंने इस लापरवाही पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# चौबाटी में जिला सहकारी बैंक की शाखा खुली

पिथौरागढ़ : जिला सहकारी बैंक की 30 वीं शाखा चौबाटी में खोली गयी। जिसका शुभारंभ डीडीहाट विधायक विशन सिंह चुफाल ने किया। लोगों ने चुफाल का ढ़ोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया।

बैक की शाखा का उद्घाटन करने पहुंचे चुफाल ने कहा लोगों की मांग को देखते हुए यहां नयी शाखा खोली गयी। जहां महिलाएं बिना ब्याज के एक से पांच लाख रुपए का ऋण लेकर स्वरोजगार कर सकेंगी। विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मनोज सामंत ने कहा बैंक खुलने से ग्रामीणों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इस दौरान डीडीहाट के ब्लाक प्रमुख बबीता चुफाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरेंद्र चुफाल, जिला सहकारी बैंक महाप्रबंधक दिग्विजय सिंह, सहकारी बैंक डीडीहाट शाखा प्रबंधक रमेश देउपा, अनुभाग अधिकारी ललित शर्मा, शाखा प्रबंधक दीपक देउपा, दीपक कार्की, संजय चुफाल, जीवन बोरा, मान सिंह अधिकारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

## उपनल कर्मियों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

बागेश्वर : स्वास्थ्य विभाग में तैनात उपनल कर्मचारियों ने अवकाश के बावजूद मंगलवार को भी कलक्ट्रेट में धरना दिया। उन्होंने सेवा अवधि बढ़ाने की मांग की।

ऐसा नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

## जंगली सुअरों के आतंक से ग्रामीण परेशान



बागेश्वर : डुंगरगांव, मजबे, स्यूनी गांव में जंगली सुअरों का आतंक बना हुआ है। सुअरों के आतंक से ग्रामीण भयभीत हैं। जंगली सुअर पूर्व में कई लोगों को घायल कर चुके हैं। पूर्व ग्राम प्रधान त्रिलोक सिंह परिहार, ग्राम प्रधान ललित परिहार, उम्मेद सिंह, रमेश सिंह, राजेंद्र जोशी, पुष्पा देवी, लीला देवी, रेखा परिहार, महेंद्र सिंह, राजेन्द्र सिंह आदि ने जंगली सुअरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। (एजेंसी)

## अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

बागेश्वर : जिले में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का चेकिंग अभियान जारी है। एसओजी की टीम ने चार पेटी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस का जिले को नशामुक्त बनाए जाने का अभियान जारी है। इसी अभियान के तहत एसओजी ने अभियान चलाकर कांडा रोड से गाड़गांव जाने वाले पुल के पास प्रदीप भट्ट पुत्र प्रताप भट्ट निवासी फल्टनिया भागीरथी के पास से 144 पव्वे देसी मसालेदार गुलाब, 48 पव्वे विदेशी शराब पकड़ी है।

# विवाद की संभावना के बीच लोगों ने दिखाई समझदारी

हल्द्वानी। इमाम के साथ अभद्रता से उपजे विवाद के बाद पुलिस शहर की शांति बरकरार रखने में कामयाब रही। इस बीच हालात को लेकर दिनभर प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों के बीच बैठकों का दौर जारी रहा।

इमाम के साथ अभद्रता के बाद सोमवार रात कुछ लोगों ने कोतवाली पहुंचकर विरोध जताया। लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कोतवाली के बाहर हंगामा किया। रात करीब दो बजे आरोपी मुकेश भट्ट उर्फ मुक्की और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद मामला शांत हो गया था। इसके बाद पुलिस आशंकित रही और मंगलवार को विवाद न बढ़े इसे लेकर सतर्क रही। इसी आशंका के चलते पुलिस प्रशासन की ओर से जगह–जगह भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। कोतवाली स्थित बहुउद्देशीय भवन में सुबह 11 बजे से एसएसपी के नेतृत्व में एसपी क्राइम, एडीएम, एसडीएम, एसपी सिटी, सिटी मजिस्ट्रेट, नगर आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों की बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक बैठक में हालात बिगड़ने के कारणों की समीक्षा हुई। साथ ही आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। सभी अधिकारियों को अपने–अपने कार्यक्षेत्र में लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा गया।

**संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात रही पीएसी**

विवाद के बाद एसएसपी ने चारों थानों की पुलिस को अलर्ट कर दिया था। विशेष तौर पर कोतवाली और वनभूलपुरा पुलिस को ज्यादा सतर्कता बरतने के लिए कहा गया था। कोतवाली और वनभूलपुरा में सुबह से ही भारी पुलिस बल तैनात रहा। इसके अलावा अन्य संवेदनशील स्थानों पर पीएसी की तैनाती की गई थी।

**अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं से की बात**

दोपहर करीब 12 बजे प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं से वार्ता की। इनमें मौलाना शाहिद हुसैन के अलावा मतीन सिद्दीकी भी शामिल रहे। प्रशासन और पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए शिकायतकर्ताओं से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहयोग मांगा। सूत्रों के मुताबिक अधिकारियों ने आरोपियों के समर्थकों से भी बिना वजह विवाद को बढ़ावा नहीं देने को कहा।

**डीजीपी ने लिया हालात का जायजा**

सूत्रों के मुताबिक डीजीपी अशोक कुमार ने आईजी डॉ. नीलेश आनंद भरणे और एसएसपी पंकज भट्ट के साथ फोन पर बातकर हालात की जानकारी।

# स्मार्ट स्प्रिचुअल हिल टाउन के रूप में विकसित होगा बद्रीनाथ : महाराज

## चार धाम यात्राः जीएमवीएन की बुकिंग का आंकडा पहुंचा 7 करोड़ के पार

## चार धाम यात्रा के लिए 968951 यात्रियों ने करवाया पंजीकरण



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : चार धाम यात्रा के लिए जिस प्रकार से यात्री लगातार बड़ी संख्या में अपना पंजीकरण करवा रहे हैं और गढ़वाल मंडल विकास निगम के गेस्ट हाउसों की बुकिंग का आंकडा रोज बढ़ता जा रहा है वह इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि इस वर्ष की चार धाम यात्रा पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़कर नये कीर्तिमान स्थापित करेगी। गत वर्ष की भांति इस बार भी सरकार चार धाम यात्रा की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर लगातार समीक्षा कर रही है।

प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि 22 अप्रैल से शुरू होने जा रही है चार धाम यात्रा के तहत केदारनाथ–349944, बद्रीनाथ–291537, यमनोत्री–161149 और गंगोत्री धाम के लिए 166310 यात्री विभिन्न माध्यमों से अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। अभी तक कुल 968951 यात्री अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। इतना ही नहीं 16 फरवरी 2023 से शुरू हुई जीएमवीएन गेस्ट हॉउसों की बुकिंग के तहत अभी तक कुल 74177667 (सात करोड़ इकतालीस लाख सतहतर हजार छः सौ सढ़सठ हजार) रुपये की बुकिंग की जा चुकी है। पर्यटन मंत्री श्री महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चारों धामों के विकास के लिए हम निरंतर प्रयत्नशील हैं। वर्ष 2013 में आई भीषण प्राकृतिक आपदा के बाद केन्द्र के सहयोग से जहां प्रदेश सरकार केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण करवा रही है वहीं दूसरी ओर बद्रीनाथ धाम को एक ह्लस्मार्ट स्प्रिचुअल हिल टाउनह्व के रूप में विकसित किए जाने को लेकर सरकार चरणबद्ध रूप से कार्य कर रही है। चार धाम यात्रा और पर्यटन के विकास के लिए कनेक्टिविटी बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए हम देश के अन्य क्षेत्रों के साथ कनेक्टिविटी बेहतर बनाने पर तेजी से काम कर रहे हैं। हवाई सेवाओं का भी विस्तार किया जा रहा है। चार धाम ऑल वेदर रोड और ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर काम जोरों पर चल रहा है।

गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तथा सोनप्रयाग-केदारनाथ रोपवे परियोजना को विकसित करने की कार्यवाही भी प्रारंभ कर दी गई है। दोनों रोपवे परियोजनाओं को 3 वर्ष में पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। हाल ही में प्रदेश सरकार ने खरसाली से यमुनोत्री तक 166 करोड़ से भी अधिक की धनराशि से बनने वाने रोपवे परियोजना को मंजूरी दी है।

श्री महाराज ने कहा कि केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल को तो बदरीनाथ के 27 अप्रैल को खुलेंगे, जबकि परंपरा के अनुसार 22 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलेंगे। सरकार ने चार धाम सहित हेमकुंड यात्रा के लिए भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। यात्री सुविधाओं को देखते हुए इस बार प्रत्येक पंजीकृत यात्री के लिए विशेष टोकन की व्यवस्था की गई है जो उन्हें प्रत्येक धामों के दर्शन कराने में सहायक होगी। उन्होंने चार धाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि चार धाम यात्रा की विस्तृत सुविधाओं का लाभ लेने के लिए वह पंजीकरण अवश्य करवाएं। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में विभिन्न धार्मिक सर्किटों जिनमें शाक्त, शैव, वैष्णव, गोलज्यू, गुरुद्वारा, हनुमान, नाग देवता, स्वामी विवेकानंद, महासू देवता, नरसिंह देवता, और नवग्रह देवता सर्किट का निर्माण किया गया है। अपनी सुविधानुसार यात्री इन धार्मिक सर्किट के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित कर सकता है। पर्यटन ने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ है। इसलिए चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु पर्यटन विभाग की वेबसाइट या व्हाट्सअप नंबर 8394833833 या टोल फ्री नंबर 1364 के जरिये भी अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

## 8 खाद्य पदार्थों के सैंपल जांच को भेजे

नई टिहरी : खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने जिलास्तरीय टीम ने मंगलवार को उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर टिहरी क्षेत्र के शीशमझाड़ी, रामझूला एवं चौदह बीघा में 140 डेयरी, फूटकर खाद्य विक्रेता, होटल कैंप, दुग्ध वाहनों का औचक निरीक्षण किया। अभियान में दैनिक उपभोग की खाद्य सामग्रियों में खुले पनीर के तीन, दूध के चार व तेल का एक सहित कुल आठ सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे गये। इस दौरान टीम ने खाद्य सुरक्षा के मानकों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्यवाही चेतावनी खाद्य कारोबारियों को दी।

## हाईवे पर खड़े मिलें वाहन तो होगी सख्त कार्रवाई

रूद्रप्रयाग : अगस्त्यमुनि कस्बे में केदारनाथ हाईवे पर बेकार और बेतरतीब खड़े वाहनों को लेकर पुलिस कड़ी कार्रवाई कर रही है। ऐसे वाहन स्वामियों को पुलिस ने अपने वाहन हटाने के लिए 8 अप्रैल तक का समय दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि तय समय तक वाहन न हटाए गए तो पुलिस चालान करने के साथ उन्हें सड़क से हटाने की कार्रवाई करेगी।

केदारनाथ यात्रा को लेकर केदारनाथ हाईवे पर वाहनों का काफी दबाव रहता है। ऐसे में पुलिस प्रशासन को बेहतर यातायात व्यवस्था जारी रखने में दिक्कतें पेश आती है। इधर, पुलिस खेल मैदान में यात्रा के दौरान अस्थाई पार्किंग की व्यवस्था कर रही है। बीते वर्ष की तुलना में इस बार चारधाम यात्रा पर अधिक यात्रियों के आने की संभावना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे के निर्देश पर थाना प्रभारी अगस्त्यमुनि सदानंद पोखरियाल ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात को बेहतर बनाने के लिए नगर पंचायत क्षेत्र में सड़क पर खड़े वाहनों को हटाने का चरणबद्ध अभियान शुरू कर दिया है। (एजेंसी)

## मुख्यमंत्री घसियारी कल्याण योजना शुरू की जाए

उत्तरकाशी : उत्तरकाशी जिले की रवांई घाटी कृषि एवं पशुपालन व्यवसाय में क्षेत्र में अग्रणीय है। यहां पलायन बहुत नगण्य है। इसमें बड़कोट नगर पालिका क्षेत्र भी शामिल है। लेकिन, बड़कोट क्षेत्र में पशु पालकों को प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री घसियारी कल्याण योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिससे क्षेत्र के लोगों में खासी नाराजगी है।

बड़कोट क्षेत्र के पशुपालकों में सुभाष जगूड़ी, दिनेश रावत, रणवीर सिंह आदि ने मांग की है कि बड़कोट क्षेत्र में भी मुख्यमंत्री घसियारी कल्याण योजना को शुरू किया जाय। जिससे सभी पात्र लोगों को इसका लाभ मिल सके। सुभाष जगूड़ी ने कहा कि बड़कोट क्षेत्र के लोगों को पशु आहार लेने नौगांव जाना पड़ रहा है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। लिहाजा मुख्यमंत्री घसियारी कल्याण योजना का लाभ स्थानीय लोगों को बड़कोट में भी मिलना चाहिए। विदित है कि उत्तराखंड सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण व उन्हें लाभान्वित करने के लिए मुख्यमंत्री घसियारी कल्याण योजना उत्तराखंड 2023 को शुरू किया है। बड़कोट सहकारी समिति के सभापति अजय रावत का कहना है कि यदि बड़कोट में लोगों को मुख्यमंत्री घसियारी कल्याण योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, तो जल्द ही बड़कोट में भी चारा उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा। (एजेंसी)

## जेई के बाद अब एई की परीक्षा भी निरस्त

हरिद्वार। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने जेई के बाद अब एई की परीक्षा को भी निरस्त कर दिया है। एसआईटी जांच में अभ्यर्थियों के अनुचित साधनों से परीक्षा देने की पुष्टि के बाद मंगलवार को आयोग ने यह कार्रवाई की है। विभिन्न विभागों में 166 पदों पर यह भर्ती निकाली गई थी। अब आयोग की ओर से दोबारा एई की लिखित परीक्षा का आयोजन अब 13 अगस्त–2023 से किया जाएगा। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने एक सितंबर–2021 को विज्ञापन जारी कर उत्तराखंड सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेवा परीक्षा–2021 के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे थे। सहायक अभियंता (एई) की लिखित परीक्षा का आयोजन 23 से 27 अप्रैल 2022 को किया गया था। आयोग की ओर से हरिद्वार सहित प्रदेश के 19 परीक्षा केंद्रों पर एई के पदों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया था। लिखित परीक्षा का परिणाम 18 नवंबर–2022 को जारी किया गया था। लिखित परीक्षा में आयोग की ओर से विभिन्न विभागों में सहायक अभियंता के 166 पदों पर 531 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया था। आयोग की ओर से सफल अभ्यर्थियों के साक्षात्कार मार्च–23 के द्वितीय सप्ताह में कराया जाना निर्धिरित किया गया था। लेकिन एसआईटी की जांच में लिखित परीक्षा में धांधली की पुष्टि होने पर अब आयोग ने इस परीक्षा को निरस्त कर दिया है। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि एसआईटी की जांच में एई–2021 की लिखित परीक्षा में अभ्यर्थियों के अनुचित साधनों से परीक्षा देने की पुष्टि होने पर इसे निरस्त कर दिया गया है। अब यह परीक्षा 13 अगस्त से 18 अगस्त के बीच आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र संबंधी सूचना आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी जाएगी।

## मंदिर में चोरी की कोशिश


हरिद्वार। उत्तरी हरिद्वार क्षेत्र स्थित काली मंदिर में चोरी का प्रयास किया गया। पुजारी की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। हरकी पैड़ी से भीमगोडा जाने वाले मार्ग पर रेलवे लाइन के ठीक ऊपर प्राचीन काली मंदिर है। मंगलवार की सुबह जब पुजारी अमन रोजाना की तरह मंदिर के कपाट खोलने पहुंचे तब दंग रह गए। देखा कि मंदिर पर लगे ताले तोड़ने की कोशिश की गई थी। यही नहीं मंदिर की ग्रिल भी काटी गई थी। हालांकि पूरी ग्रिल काटने में चोर को सफलता नहीं मिल सकी। किसी वजह से चोर अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके।

## केंद्रीय विधालय नही होगा बंद, अभिभावकों में खुशी की लहर

हरिद्वार। बीएचईएल ईएमबी द्वारा संचालित केंद्रीय विद्यालय बंद नहीं होगा। स्कूल को बंद करने के आदेशों के खिलाफ हाईकोर्ट से स्थगन आदेश अभिभावकों को प्राप्त हुआ है। स्थगन आदेश मिलने के बाद हरिद्वार में स्कूल के शिक्षक, कर्मचारी और अभिभावकों में खुशी की लहर है।

स्कूल के बंद करने के आदेश को अभिभावक चित्रलेखा आदि ने हाई कोर्ट नैनीताल में चुनौती दी थी। हाई कोर्ट से स्थगन आदेश अभिभावकों को प्राप्त हुआ है। अभिभावकों में रीता चमोली, मनु शर्मा, ममता थपलियाल, सुशील कुमार, मीनाक्षी गौतम, अंशिका बघेल, राधिका, अर्पित बघेल, लक्ष्य गौतमज़ शिवराज सिंह, आरोही रस्तोगी, अनन्या, संगीता देवी, साक्षी, ऋषभ आदि ने कोर्ट के आदेश पर खुशी जाहिर की है।

## उपभोक्ता को एक साथ मिलेगा 17 कुंतल राशन



देहरादून। सूचना अधिकार के इस्तेमाल से एक उपभोक्ता ना सिर्फ अपना राशन कार्ड हासिल करने में कामयाब रहा, बल्कि उन्हें एक साथ करीब दो साल का राशन भी आवंटित हुआ है। इस मामले में सूचना आयोग ने संबंधित पूर्ति निरीक्षक पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। हरिद्वार में लक्सर के गोवर्द्धनपुर निवासी राजेश कुमार ने खाद्य पूर्ति विभाग के पास अपना राशन कार्ड बनाने के लिए आवेदन किया था, लेकिन विभाग ने उन्हे दो साल तक राशन कार्ड नहीं दिया। इस बीच उन्होंने सूचना का अधिकार के तहत अपने राशन कार्ड की जानकारी मांगी तो विभाग ने जानकारी देने में भी आनाकानी की। इस पर मामला सूचना आयोग पहुंचा। जहां राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट की कोर्ट में सुनवाई के दौरान प्रमाणित हुआ कि राजेश कुमार का राशन कार्ड तो दो साल पहले ही बन गया था, लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते इसे उपभोक्ता तक नहीं पहुंचाया गया। इस दौरान उन्हें आवेदन की स्लिप के आधार पर राशन लेने के नाम पर बरगलाया गया। सुनवाई के दौरान विभाग ने इस लापरवाही को स्वीकार किया, साथ ही माना कि इस अवधि में उनका कुल 17.5 कुंतल राशन बनता है। जो उन्हे उपलब्ध करा दिया जाएगा। आयोग में सुनवाई के दौरान पूर्ति निरीक्षक नागेंद्र प्रसाद ने बताया कि अब विभाग की ओर से राजेश कुमार को सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता विशाल कुमार की दुकान से 6.30 कुंतल चावल और 4.20 कुंतल गेंहू जबकि मनीष कुमार की दुकान से 2.80 कुंतल गेंहू और 4.20 कुंतल चावल उठाने पर सहमति व्यक्त कर दी है। राज्य सूचना आयुक्त ने उपभोक्ता को दस दिन के अंदर उक्त राशन उपलब्ध कराने के साथ ही इस मामले में सूचना न देने पर तत्कालीन लोक सूचना अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक बबीता सिंह पर 25 हजार का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने विभाग को आदेश दिए हैं कि उपभोक्ता को प्रोविजनल राशन कार्ड भी उपलबध कराया जाए।

## संस्कृत शिक्षकों ने किया शासन–प्रशासन की बुद्धि–शुद्धि को यज्ञ



हरिद्वार। प्रदेश के विभिन्न संस्कृत विद्यालयों और महाविद्यालयों के संस्कृत शिक्षकों ने मंगलवार को संस्कृत विद्यालय–महाविद्यालय प्रबंधकीय शिक्षक समिति के बैनर तले उत्तराखंड संस्कृत अकादमी में शासन–प्रशासन की बुद्धि–शुद्धि के लिए यज्ञ किया।

संस्कृत शिक्षक 2021 के शासनादेश के अनुसार मानदेय दिए जाने की मांग कर रहे हैं। संस्कृत विद्यालय–महाविद्यालय प्रबंधकीय शिक्षक समिति के प्रदेश अध्यक्ष भगवती बिजल्वाण ने बताया कि शासनादेश के अनुसार प्रदेश के विभिन्न संस्कृत विद्यालयों और महाविद्यालयों के 155 प्रबंधकीय संस्कृत शिक्षकों को निर्धारित मानदेय दिया जा रहा है। लेकिन संस्कृत विद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षण कार्य करने वाले 126 संस्कृत शिक्षकों को मानदेय से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री पुष्कार सिंह धामी संस्कृत शिक्षकों को मानदेय दिए जाने के लिए अपना अनुमोदन दे चुके हैं। लेकिन कुछ अधिकारी संस्कृत शिक्षकों को मानदेय दिए जाने से संबंधित फाइल में बार–बार कमी निकालकर संस्कृत शिक्षकों को मानदेय से वंचित करने का कार्य कर रहे हैं। बिजल्वाण ने बताया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं कि जाती है संगठन का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस अवसर पर डॉ. डॉ. जर्नादन कैरवान, नवीन पंत, श्याम लाल गौड़, मनोज शर्मा, आचार्य हेमंत तिवारी, रवेंद्र कुमार, रामेश्वर प्रसाद, अनूप रावत, कमेश ध्यानी, सूर्यप्रकाश रतूड़ी, अंजना उनियाल, प्रकाश तिवारी, मेवाराम गैरोला, जीवन आर्य चक्रपाणि मैठानी, अतुल कुमार, हरीश पांडे, विपिन उनियल, मुकेश कुमार, प्रदीप थपालियल आदि मौजूद थे।

## ऑन लाइन परामर्श के चक्कर में गंवाए 88 हजार

हरिद्वार। रामकृष्ण मिशन अस्पताल में चिकित्सक से परामर्श के लिए ऑनलाइन समय लेने के चक्कर में एक व्यक्ति ने 88 हजार गंवा दिए।

रानीपुर कोतवाली पुलिस ने इस संबध में मुकदमा दर्ज किया है। न्यू शिवालिक नगर के बी ब्लॉक निवासी संदीप कुमार सिंह को रामकृष्ण मिशन अस्पताल में चिकित्सक से परामर्श करना था। उन्होंने ऑन लाइन अस्पताल का संपर्क सूत्र खोजा था। तब उन्हें एक मोबाइल फोन नंबर मिला। उन्होंने उस नंबर पर कॉल की तो बात कर रहे युवक ने उनके वाट्सअप पर एक लिंक भेजकर पांच हजार रुपये भेजने की बात कही। भरोसा दिलाया कि लिंक ओपन कर पांच रुपए भेजने के बाद टोकन नंबर मिल जाएगा। उसके झासें में आकर संदीप ने लिंक ओपन कर पांच रुपए भेज दिए।

## कांग्रेस महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बनी विजया

रूद्रप्रयाग : कांग्रेस कमेटी ने महिला मोर्चा को मजबूत करने के लिए महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष की घोषणा की है। रुद्रप्रयाग जनपद से अगस्त्यमुनि की ब्लॉक प्रमुख विजया देवी को महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। विजया देवी ने ये जिम्मेदारी मिलने पर प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला का आभार प्रकट किया है।महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने संयुक्त सचिव एवं उत्तराखंड पीएमसी की इंचार्ज परमिंदर कौर की संस्तुति पर अगस्त्यमुनि ब्लॉक की प्रमुख विजया देवी को रुद्रप्रयाग जनपद में महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष घोषित किया है। कांग्रेस जिला संगठन ने विजया देवी को महिला मोर्चा की अध्यक्ष बनाने पर बधाई दी। विजया देवी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई उसका निष्ठा से निर्वहन किया जाएगा। (एजेंसी)

## चाकू संग दो धरे

हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र में चाकू लेकर घूम रहे दो युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गए। कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान संदिग्ध युवकों को रोकना चाहा लेकिन वह पुलिस को देखकर भागने लग गए। पुलिस ने पीछा कर युवकों को पकड़ लिया। जिनके कब्जे से चाकू बरामद हुए। कोतवाली लाकर की गई पूछताछ में उन्होंने अपने नाम जावेद निवासी मोहल्ला पांवधोई बंजारो वाली गली और लवकुश निवासी बाल्मीकि बस्ती बताया। संबंधित धारा में युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

विभाग : Electrical (TRD)

टेंडर न. : T-17-TRD-MB-22-23-II

कार्य का नाम : मुरादाबाद मंडल के खुर्जा–हापुड़ खंड पर हाफिजपुर स्टेशन पर गिट्टी साइडिंग के प्रावधान के लिए टी.आर.डी. का कार्य।

निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय : 25.04.2023 at 15:00 hrs

कार्य की अनुमानित लागत : रु. 57,11,590.62/- (18% GST सहित)

बिड सिक्यूरिटी राशि : रु. 1,14,200/-

निविदा प्रपत्र मूल्य : शून्य

ऑफर की वैधता (दिन) : 45 दिन

कार्य पूरा करने की अवधि : 6 माह

वेबसाइट एवं कार्यालय का पता : www.ireps.gov.in

कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद

सं.: Elect/TRD/MB/2022-23/TN-18 दिनांक: 03.04.2023 1011/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## बाल्यावस्था जीवन का महत्त्वपूर्ण समयः शैलदीदी

हरिद्वार। गायत्री विद्यापीठ की संरक्षिका शैलदीदी ने कहा कि बाल्यावस्था जीवन का महत्त्वपूर्ण समय है। बाल्यावस्था में शारीरिक तथा मानसिक विकास में स्थिरता आती है। मानसिक विकास की स्थिरता शारीरिक तथा मानसिक शक्तियों को दृढ़ता प्रदान करती है। बालक की चंचलता घटने लगती है, उसका मस्तिष्क परिपक्व होने लगता है। शांतिकुंज में स्काउट् एवं गाइड्स के कौशल को और अधिक निखारने के उद्देश्य से हुए पांच दिवसीय राज्य पुरस्कार जांच शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। जांच शिविर गायत्री विद्यापीठ शांतिकुंज की व्यवस्था मंडल प्रमुख शेफाली पण्ड्या के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। शिविर आयोजक ने बताया कि पांच दिन चले इस सत्र में प्रथम, द्वितीय, तृतीय सोपान के अतिरिक्त राज्य पुरस्कार जांच शिविर में शांतिकुंज जनपद के साठ स्काउट्स एवं गाइड्स ने प्रतिभाग किया। इन्हें अनेक विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। शिविर के दौरान आग जलाना, कम से कम साधन में भोजन बनाना, लाठी व रस्सी से तंबू का निर्माण करना, कैम्प फायर, फर्स्ट एड आदि का प्रशिक्षण दिये गये। साथ ही विभिन्न परीक्षाएं भी ली गयी। इनमें से उत्तीर्ण हुए स्काउट गाइड अपने अगले सोपान तथा राज्यपाल पुरस्कार के लिए पात्रता अर्जित करेंगे। प्रशिक्षण शिविर में एलओसी स्काउट नरेन्द्र सिंह, एलओसी गाइड आराधना शर्मा, गायत्री विद्यापीठ शांतिकुंज के प्रधानाचार्य सीताराम सिन्हा, मंगल सिंह, भुवन पंत, आशूतोष, उमा बघेल, रूपम चौबे, कमलेश आदि शामिल रहे।

## लापता किशोरी ढूंढ पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द किया

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव से लापता हुई किशोरी को पुलिस ने चार घंटों में हरिद्वार से बरामद कर लिया। पूछताछ के बाद किशोरी को पुलिस ने उसके परिजनों के सुपुर्द किया। बताया जा रहा है कि किशोरी परिजनों से नाराज होकर घर से चली गई थी। पुलिस के अनुसार घटना सोमवार देर शाम सात बजे की बताई जा रही है, जब पथरी क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी परिजनों से नाराज होकर घर से लापता हो गई। परिजनों ने किशोरी की तलाश करने के बाद सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद फेरुपुर पुलिस चौकी प्रभारी बीरेंद्र सिंह नेगी ने किशोरी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने लक्सर–हरिद्वार मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो किशोरी गाड़ी में बैठती नजर आई। इसके बाद पुलिस ने किशोरी को हरिद्वार बस अड्डे से रात्रि 11 बजे बरामद कर लिया। पुलिस को किशोरी से पूछताछ में पता चला कि वह परिजनों से नाराज होकर घर से चली गई थी। किशोरी को समझाबुझाकर परिजनों के सुपुर्द किया गया है। इसकी पुष्टि फेरुपुर चौकी प्रभारी बीरेंद्र सिंह नेगी ने की है।

## वैश्य समाज के राकेश अध्यक्ष और राजकुमार बने महामंत्री

हरिद्वार। पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी मायापुर के पास एक होटल में महाराजा अग्रसेन वैश्य समाज की बैठक संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन करते हुए राकेश गोयल को अध्यक्ष और राजकुमार गुप्ता 'भोला को महामंत्री, राघव मित्तल को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं 51 सदस्यों की कार्यकारणी बनाई गई। मंगलवार को होटल में दीप प्रज्वलित कर महाराजा अग्रसेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद पदाधिकारियों की घोषणा की गई। अध्यक्षता आशुतोष मित्तल और संचालन कमल बृजवासी ने किया। कार्यकारणी में प्रभुदयाल अग्रवाल, अरविंद बबली, महेश दास, अरुण अग्रवाल, कमल बृजवासी, तेज प्रकाश साहू, सुनील अग्रवाल, अमन गर्ग पूर्व पार्षद , गौरी शंकर गर्ग, आशीष जैन, मुकेश भार्गव, ललित गोयल, संदीप अग्रवाल, सतीश बंसल, जितेंद्र गुप्ता, मनीष गुप्ता, अनिल कुमार गर्ग, प्रमोद गोयल आदि को शामिल किया गया।


**ग्रामीण हिमालय अध्ययन एवं संरक्षण संस्था कुम्भीचौड़ कोटद्वार**

**Walk in Interview**

**लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना (टी0आई0) घास**

Supported by- Uttarakhand State AIDS Control Society Dehradun, Uttarakhand

राष्ट्रीय एड्स नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत (ग्रामीण हिमालय अध्ययन एवं संरक्षण संस्था 'घास' से संचालित) द्वारा उत्तराखण्ड एड्स नियन्त्रण समिति देहरादून के सहयोग से लक्ष्यगत हस्तक्षेप (टी0आई0 माइग्रेन्ट) परियोजना में निम्नलिखित पद पर कार्य करने हेतु अभ्यर्थी की आवश्यकता है।

| क्र. सं. | पद | संख्या | वेतन + यात्रा भत्ता | शैक्षिक योग्यता/अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आउट रिच वर्कर (ORW) | 2 | 7500+1125 | इण्टरमीडिएट (12th) (1 साल का संस्था में कार्य का अनुभव कम्प्यूटर ज्ञान व स्वास्थ्य क्षेत्र में अनुभवी अभ्यर्थी को वरीयता) |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा तथा अपने समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं छाया प्रति लेकर दिनांक 08/04/2023 को प्रातः 11.00 बजे संस्था प्रशासनिक कार्यालय ग्रामीण हिमालयन अध्ययन एवं संरक्षण संस्था, रतनपुर, एस0बी0आई0 प्रथम तल कुम्भीचौड़ कोटद्वार में साक्षात्कार के लिए उपस्थित हों। अधिक जानकारी के लिए - मो0 9675287507, 7302016935 पर संपर्क कर सकते हैं।

सचिव
(के0एस0 गुसांई)
ग्रामीण हिमालय अध्ययन
एवं संरक्षण संस्था, कोटद्वार

सम्पादकीय

# ईवीएम पर विपक्ष कितना गंभीर?

इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन, ईवीएम को लेकर विपक्षी पार्टियों की दो बैठकें हुई हैं। एक कांग्रेस की पहल पर हुई थी और दूसरी एनसीपी नेता शरद पवार की पहल पर हुई। दोनों बैठकों में कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह अहम थे। पवार के घर पर हुई बैठक के बाद भी उन्होंने ही मीडिया से बातचीत की थी। उन्होंने इलेट्रोनिक डिवाइसेज के तकनीकी जानकारों के साथ भी बैठक करके इसकी तकनीक को समझा और मीडिया को समझाया है। चुनाव आयोग से भी विपक्षी पार्टियों के नेता शिकायत कर चुके हैं। रिमोट ईवीएम का तो विपक्ष ने खुल कर विरोध किया ही है कि ईवीएम में भी गड़बड़ी की संभावना के सबूत जुटाए हैं। शरद पवार के घर पर कोई एक दर्जन विपक्षी पार्टियों के नेताओं की बैठक के बाद दिग्विजय सिंह ने कहा कि ईवीएम स्टैंडअलोन मशीन नहीं है। यानी ऐसा नहीं है कि वह बिल्कुल अलग थलग एक मशीन है और उसका किसी दूसरी मशीन से लिंक नहीं है। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों के नाम और चुनाव चिन्ह इंटरनेट से डाले जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इसी तरह पहले कहा गया था कि ईवीएम के चिप एक ही बार इस्तेमाल होते हैं लेकिन अब उन्हें कई बार प्रोग्राम किए जाने की खबर है यानी ये चिप मल्टी प्रोग्रामेबल हैं। इस आधार पर विपक्षी नेताओं का कहना है कि अगर कोई भी मशीन इंटरनेट से जुड़ी है तो उसे रिमोटली यानी कहीं दूर बैठ कर हैंडल किया जा सकता है।अब सवाल है कि ईवीएम को लेकर विपक्षी पार्टियां कितनी गंभीर हैं? क्या वे इसे लेकर सिर्फ संदेह पैदा करने का काम कर रही हैं या इसके खिलाफ कोई निर्णायक लड़ाई करनी है? ऐसा नहीं हो सकता है कि विपक्ष को जब फुरसत मिले तो वह ईवीएम पर सवाल उठाए और फिर राजनीति में लग जाए। इससे आरोपों की गंभीरता कम होती है। फर्ज कीजिए अगर कांग्रेस कर्नाटक में जीत जाती है तो क्या वह ईवीएम पर सवाल उठाना बंद कर देगी? इस बारे में विपक्ष को अपनी रणनीति तय करनी होगी।

# डिजिटलीकरण: भारतीय अर्थव्यवस्था का एक अनूठा प्रेरक

**डॉ. सौरभ गर्ग**




एक अर्थव्यवस्था की लगभग हर गतिविधि की बुनियाद तैयार करने वाली एक राह के रूप में डिजिटलीकरण की अनिवार्य जरूरत को व्यापक तौर पर स्वीकार किया गया है। इंटरनेट का बढ़ता प्रसार, किफायती डेटा, तकनीकी नवाचार और इन सबसे भी बढ़कर, डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण पर सरकार का जोर सेवाओं की त्वरित आपूर्ति, बेहतर पहुंच और जवाबदेही में सुधार सुनिश्चित कर रहा है।

डिजिटल बदलावों का असर

वर्ष 2014–2019 की अवधि के दौरान, भारत की मुख्य डिजिटल अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी सकल मूल्य संवर्धन के 5.4 प्रतिशत से बढ़कर 8.5 प्रतिशत हो गई। इसी अवधि के दौरान समग्र अर्थव्यवस्था की तुलना में डिजिटल अर्थव्यवस्था 2.4 गुना तेजी से बढ़ी। हाल ही में प्रकाशित भारतीय रिजर्व बैंक के एक बुलेटिन के अनुसार, 2019 में कुल अर्थव्यवस्था में डिजिटल आधारित अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी लगभग 22 प्रतिशत थी।

सरकार का मुख्य जोर डिजिटल क्षेत्र से संबंधित सार्वजनिक बुनियादी ढांचा (डीपीआई) विकसित करने पर रहा है, जोकि

–अधिक सहभागी सेवा वितरण प्रणालियों के लिए डिजिटल घटकों की सार्वजनिक उपलब्धता सुनिश्चित करता है,

– बाजार की अगुवाई में होने वाले नवाचारों को प्रेरित करता है,

– सेवाओं के अधिक किफायती एवं त्वरित समावेशन को सुविधाजनक बनाता है, और

– अपेक्षाकृत अधिक पारदर्शी प्रणालियों का विकास सुनिश्चित करके उपयोगकर्ता का भरोसा बढ़ाता है।

पहुंच, सामर्थ्य, कनेक्टिविटी और समावेशिता में सुधार लाने की दिशा में आगे बढ़ रहे डिजिटल इंडिया का व्यापक प्रभाव अब पूरे देश में दिखाई दे रहा है। डिजिटल बुनियादी ढांचे का एक प्रमुख घटक माना जाने वाला 'आधारइ अपनी अनूठी विशिष्टता की वजह से इस देश के डिजिटल शासन का एक महत्वपूर्ण उपकरण बन गया है। केन्द्र और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा प्रदान की जाने वाली लगभग 1700 कल्याणकारी व सुशासन से जुड़ी योजनाएं इसका प्रमाण हैं। इन योजनाओं का लाभ आधार का उपयोग करके हासिल किया जाता है। आधार के उपयोग ने बिना किसी गड़बड़ी के लक्षित लाभार्थियों तक विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचना सुनिश्चित किया है। उदाहरण के लिए, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में कम्प्यूटरीकृत आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, 750 मिलियन पीडीएस लाभार्थियों के डेटा को आधार से जोडऩे के उपरांत लगभग 47 मिलियन फर्जी/नकली राशन कार्डों को हटाने और उचित मूल्य की दुकानों के स्वचालन के कारण अनाज प्राप्त करने की पात्रता नहीं रखने वाले लोगों के हाथों में पहुंचने के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है। इसके परिणामस्वरूप 12 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत हुई है। इसी तरह, रसोई गैस सब्सिडी योजना (पहल) में 8.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत और किसान सहायता योजना के तहत खुदरा विक्रेताओं को उर्वरक की बिक्री में 12 मिलियन मीट्रिक टन की कमी के परिणामस्वरूप 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत हुई है।

डिजिटल सुविधाओं का प्रसार

देश में इस समय 1.17 बिलियन से अधिक मोबाइल टेलीकॉम उपभोक्ता, स्मार्ट–फोन का उपयोग करने वाले 600 मिलियन से अधिक लोग और 840 मिलियन इंटरनेट कनेक्शन हैं। वर्ष 2015 से 2021 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की सुविधा लेने के मामले में 200 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में इसमें 158 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इंटरनेट के दायरे में शामिल होने वाले इन सभी गांवों को कम से कम 4जी मोबाइल सेवाओं से लैस किया गया है। इससे ग्रामीण और शहरी इलाकों के बीच के डिजिटल सुविधाओं के मामले में अंतर में और कमी आएगी। कम लागत वाले फीचर मोबाइल फोन को क्षमता की दृष्टि से और अधिक शक्तिशाली बनाने के प्रयास भी चल रहे हैं। इस प्रकार, डिजिटल अर्थव्यवस्था को और अधिक समावेशी बनाना संभव हो पाएगा।

हाल ही में शुरू की गई 'डिजिटल इंडिया भाषिणीइ परियोजना क्षेत्रीय भाषाओं में इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाने का प्रयास करती है। इस परियोजना में आवाज–आधारित पहुंच की सुविधा भी शामिल है। यह परियोजना भाषाओं की विविधता का ध्यान रखती है और इसका उद्देश्य उस भाषा में समाधान प्रदान करना है जिसमें लोग सहजता से जुड़ सकें। औपचारिकीकरण को प्रेरित करने वाला डिजिटल समावेशन

डिजिटलीकरण अपेक्षाकृत अधिक वित्तीय समावेशन, व्यापक औपचारिकीकरण, उन्नत दक्षता और बेहतर अवसरों के जरिए आर्थिक विकास को गति प्रदान करता है। इस प्रयास में सहायक भूमिका निभाने वाले कुछ सफल डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में आधार, यूपीआई, को–विन, डिजिलॉकर, दीक्षा आदि शामिल हैं। पैमाने के संदर्भ में अगर बात करें तो, देश की 94.5 प्रतिशत से अधिक आबादी के पास अब आधार उपलब्ध है और हर महीने 2.2 बिलियन से अधिक आधार संबंधित प्रमाणीकरण हो रहे हैं। इसी प्रकार, पिछले पांच वर्षों की अवधि में 75 गुना वृद्धि के साथ 5.5 बिलियन यूपीआई–आधारित भुगतान संबंधी लेनदेन हर महीने किए जाते हैं। कुल 1.1 अरब कोविन पंजीकरण हुए हैं। कुल 140 मिलियन लोगों ने डिजीलॉकर में अपने अकाउंट बनाए हैं और डिजिलॉकर रिपॉजिटरी में 5.6 बिलियन आधिकारिक डिजिटल दस्तावेज़ उपलब्ध हैं।

ई–श्रम पोर्टल पर असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले 286.5 मिलियन श्रमिकों का पंजीकरण हुआ है। पीएम–स्वनिधि पर 4.4 मिलियन स्ट्रीट वेंडर और उद्यम पोर्टल पर 12.7 मिलियन उद्यमों का पंजीकरण हुआ है। वर्ष 2017 से 2022 के दौरान जीएसटी भुगतान करने वालों की संख्या 7 मिलियन से बढ़कर 14 मिलियन हो गई है। ये सारे तथ्य इस बात के संकेत हैं कि चीजें किस तरह आकार ले रही हैं।

ओपन सोर्स और भागीदारी वाले डिजिटल नवाचार

भारत में, सरकार और निजी पक्षों द्वारा नवाचार के अनुकूल वातावरण बनाया जा रहा है। यह देश के भीतर डिजिटल क्षेत्र में नए– नए नवाचारों को प्रेरित कर रहा है। एआई/एमएल जैसे नए युग की प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, भारत ओपन–सोर्स वाली एआई परियोजनाओं के मामले में योगदान करने वाला एक अग्रणी देश है। उदाहरण के लिए, भारत से निकलने वाले एआई आधारित प्रकाशन 18 प्रतिशत दर से बढ़ रहे हैं। यह दर अमेरिका, चीन, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन की तुलना में कहीं अधिक तेज है। किसी भी अन्य जी–20 देश की तुलना में भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्यरत कर्मी बेहतर एआई संबंधी कौशल से लैस हैं।

जहां तक सरकार का प्रश्न है, वह भी अपने खुद के कैप्टिव सैंडबॉक्स और टेस्ट–बेड की एक श्रृंखला के जरिए नए अनुप्रयोगों/उपयोग आधारित मामलों का डिजाइन तैयार करने और उनका परीक्षण करने हेतु उद्योग जगत के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रही है। इंडियास्टैक ओपन पब्लिक प्लेटफॉर्म के लिए आईस्पिरिट की भूमिका, तेज डिजिटल भुगतान के लिए एनपीसीआई, ओपन डिजिटल कॉमर्स के लिए ओएनडीसी, यूआईडीएआई इकोसिस्टम में मौजूद विभिन्न उपयोगकर्ता प्रतिष्ठान पीपीपी मॉडल के कुछ ऐसे उदाहरण हैं जो डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को गति दे रहे हैं।

भारत ने उन मानकों, प्रौद्योगिकियों और उपकरणों के यथासंभव उपयोग की अनिवार्यता को पहचान लिया है जो अनिवार्य रूप से ओपन–सोर्स वाले हैं। इस प्रकार वह वेंडर लॉक–इन एवं स्वामित्व वाले प्रौद्योगिकियों के उपयोग से जुड़ी उच्च लागत से बचता है। साथ ही, यह रणनीति किफायत को संभव बनाते हुए ओपन टूल के बूते तैयार किए गए विभिन्न उपायों के पारस्परिक संचालन और उनकी व्यापकता को भी प्रोत्साहित कर रही है।

**लेखक सीईओ, यूआईडीएआई हैं**

**आधार के उपयोग ने बिना किसी गड़बड़ी के लक्षित लाभार्थियों तक विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचना सुनिश्चित किया है। उदाहरण के लिए, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में कम्प्यूटरीकृत आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, 750 मिलियन पीडीएस लाभार्थियों के डेटा को आधार से जोडऩे के उपरांत लगभग 47 मिलियन फर्जी/नकली राशन कार्डों को हटाने और उचित मूल्य की दुकानों के स्वचालन के कारण अनाज प्राप्त करने की पात्रता नहीं रखने वाले लोगों के हाथों में पहुंचने के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है। इसके परिणामस्वरूप 12 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत हुई है। इसी तरह, रसोई गैस सब्सिडी योजना (पहल) में 8.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत और किसान सहायता योजना के तहत खुदरा विक्रेताओं को उर्वरक की बिक्री में 12 मिलियन मीट्रिक टन की कमी के परिणामस्वरूप 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत हुई है।**

**डिजिटल सुविधाओं का प्रसार**

**देश में इस समय 1.17 बिलियन से अधिक मोबाइल टेलीकॉम उपभोक्ता, स्मार्ट—फोन का उपयोग करने वाले 600 मिलियन से अधिक लोग और 840 मिलियन इंटरनेट कनेक्शन हैं। वर्ष 2015 से 2021 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की सुविधा लेने के मामले में 200 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में इसमें 158 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इंटरनेट के दायरे में शामिल होने वाले इन सभी गांवों को कम से कम 4जी मोबाइल सेवाओं से लैस किया गया है।**

**इससे ग्रामीण और शहरी इलाकों के बीच के डिजिटल सुविधाओं के मामले में अंतर में और कमी आएगी। कम लागत वाले फीचर मोबाइल फोन को क्षमता की दृष्टि से और अधिक शक्तिशाली बनाने के प्रयास भी चल रहे हैं। इस प्रकार, डिजिटल अर्थव्यवस्था को और अधिक समावेशी बनाना संभव हो पाएगा।**

# न्यायपालिका की फटकार



नफरती भाषणों के साक्ष्य किसी याचिकाकर्ता को क्यों इक्के करने चाहिए? सरकार अगर मानती है कि सभी धर्मावलंबियों की तरफ से नफरती भाषण दिए जा रहे हैं, तो वह खुद इनके साक्ष्य इक्का कर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है?

कभी न्यायिक टिप्पणियों को सरकार की जवाबदेही तय करने का एक प्रमुख माध्यम समझा जाता था। प्रतिकूल टिप्पणियां सरकारों की शर्मिंदगी का कारण बनती थीं और कई बार तो मंत्रियों को इनकी वजह से इस्तीफा देने की नौबत आ जाती थी। लेकिन यह तब की बात है, जब भारतीय लोकतंत्र को एक जीवंत प्रयोग के रूप में देखा जाता था। अगर वह दौर होता, तो नफरती भाषणों के मामले में सुप्रीम कोर्ट की ताजा टिप्पणियां केंद्र सरकार के लिए मुसीबत का सबब बन जातीं। आखिर कोर्ट ने यह कह दिया कि ऐसे भाषणों को रोकने में सरकार निशक्त साबित हुई है। एक जज ने यह सवाल भी उठाया कि अगर यह सब खुलेआम चल रहा है, तो आखिर सरकार है किसलिए? पिछले साल अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट ने जोर देकर कहा था कि संविधान भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में देखता है। कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों को अभद्र भाषा के मामलों पर सख्त कार्रवाई करने और शिकायत की प्रतीक्षा किए बिना दोषियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज करने का निर्देश दिया था। जबकि ताजा मामले में याचिकाकर्ता की तरफ से महाराष्ट्र में कई रैलियों में दिए गए नफरती भाषणों के संबंध में प्रकाशित समाचार का हवाला दिया।

तब कोर्ट की बेंच ने कहा– हम समझते हैं कि क्या हो रहा है, यह गलत समझ नहीं बननी चाहिए कि हम चुप हैं। सरकार की तरफ से उपस्थित सॉलिसिटर जनरल ने मामले को दूसरी दिशा देने की कोशिश की। उन्होंने कहा– अगर हम वास्तव में इस मुद्दे के बारे में गंभीर हैं तो कोर्ट कृपया याचिकाकर्ता को निर्देश दे कि वह सभी धमी में नफरत फैलाने वाले भाषणों को इक्का करे और समान कार्रवाई के लिए अदालत के समक्ष रखे। बहरहाल, यह सवाल सरकार से पूछा जा सकता है कि यह काम किसी याचिकाकर्ता को क्यों करना चाहिए? सरकार अगर मानती है कि सभी धर्मावलंबियों की तरफ से नफरती भाषण दिए जा रहे हैं, तो वह खुद इनके साक्ष्य इक्का कर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है? ऐसे सवालों को भटकाने की कोशिश से दरअसल सरकार की मंशा पर सवाल उठते हैं।

कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों को अभद्र भाषा के मामलों पर सख्त कार्रवाई करने और शिकायत की प्रतीक्षा किए बिना दोषियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज करने का निर्देश दिया था। जबकि ताजा मामले में याचिकाकर्ता की तरफ से महाराष्ट्र में कई रैलियों में दिए गए नफरती भाषणों के संबंध में प्रकाशित समाचार का हवाला दिया। तब कोर्ट की बेंच ने कहा– हम समझते हैं कि क्या हो रहा है, यह गलत समझ नहीं बननी चाहिए कि हम चुप हैं। सरकार की तरफ से उपस्थित सॉलिसिटर जनरल ने मामले को दूसरी दिशा देने की कोशिश की। उन्होंने कहा– अगर हम वास्तव में इस मुद्दे के बारे में गंभीर हैं तो कोर्ट कृपया याचिकाकर्ता को निर्देश दे कि वह सभी धमी में नफरत फैलाने वाले भाषणों को इक्का करे और समान कार्रवाई के लिए अदालत के समक्ष रखे।

# सीबीआई : और ज्यादा मिलें अधिकार

**एस.एम खान**




**सीबीआई का केंद्रीय पुलिस एजेंसी के रूप में गठन किया गया था, जिसे सार्वजनिक सेवकों के भ्रष्टाचार, केंद्रीय वित्तीय कानूनों की उल्लंघना, आर्थिक धोखेबाजी और आतंकवादी अपराध समेत गंभीर किस्म के खास तरह के अपराधों की जांच का जिम्मा सौंपा गया था। राज्य सरकारों की सहमति के उपरांत केंद्रीय मंत्रिमंडल में पारित एक प्रस्ताव के जरिए सीबीआई का न्यायाधिकार क्षेत्र विभिन्न राज्यों तक विस्तारित किया गया।**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन–सीबीआई) इस वर्ष एक अप्रैल को अपनी स्थापना के साठ वर्ष पूरे होने पर हीरक जयंती मना रहा है।

सीबीआई की स्थापना एक अप्रैल, 1963 को भारत सरकार के प्रस्ताव संख्या 3/31/61–टी/एमएचए के जरिए की गई थी और दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टेब्लिशमेंट एक्ट, 1963 से इसे वैधानिक शक्तियां मिली थीं। अपनी स्थापना के बाद से ही सीबीआई चर्चा में रही है। इसने अपने कामकाज से आमजन का विश्वास अर्जित किया है, और अब तक अपने अस्तित्वकाल में इस संगठन को अच्छे–खराब दौर से भी गुजरना पड़ा है।

सीबीआई का केंद्रीय पुलिस एजेंसी के रूप में गठन किया गया था, जिसे सार्वजनिक सेवकों के भ्रष्टाचार, केंद्रीय वित्तीय कानूनों की उल्लंघना, आर्थिक धोखेबाजी और आतंकवादी अपराध समेत गंभीर किस्म के खास तरह के अपराधों की जांच का जिम्मा सौंपा गया था। राज्य सरकारों की सहमति के उपरांत केंद्रीय मंत्रिमंडल में पारित एक प्रस्ताव के जरिए सीबीआई का न्यायाधिकार क्षेत्र विभिन्न राज्यों तक विस्तारित किया गया। लेकिन आज तक सीबीआई को अपनी वैधानिक स्थिति की मजबूती के लिए किसी अखिल भारतीय विधान का संबल नहीं मिल सका है। स्थिति यह है कि यह संस्था भ्रष्टाचार और केंद्र सरकार के कर्मचारियों के खिलाफ कदाचार के अन्य मामलों की जांच के लिए जरूरी वैधानिक प्राधिकार देने वाले वैधानिक संबल से वंचित है।

यही कारण है कि भ्रष्टाचार निरोधक कानून, भारतीय अपराध संहिता और अन्य कानूनों के तहत जांच के लिए आज भी इसे राज्य सरकारों से अनुमति मिलने या न मिलने की स्थिति का सामना करना पड़ता है। कई राज्यों ने तो किसी जांच के अधबीच में ही सीबीआई को दी गई जांच की अपनी सहमति को रोक कर सीबीआई की जांच में अवरोध खड़े कर दिए। आज की तारीख में आठ राज्यों–छत्तीसगढ़, केरल, पश्चिम बंगाल, झारखंड, मेघालय, मिजोरम, पंजाब, राजस्थान और तेलंगाना–अपने यहां सीबीआई को कार्य करने से रोका। इनमें से अधिकांश राज्य विपक्ष शासित हैं। अनेक बार संसद में बिल लाकर चर्चा की जा चुकी हैं ताकि सीबीआई को अखिल भारतीय स्तर पर कामकाज करने में किसी की अनुमति लेने की दरकार न रहे लेकिन ऐसा न हो सका। तमाम कारणों में एक बड़ा कारण यह रहा कि अनेक राज्यों ने इस प्रयास का यह कह कर विरोध किया कि इस प्रकार की कवायद भारत के संघीय ढांचे के विरुद्ध होगी क्योंकि कानून व्यवस्था, जिसमें मामलों की जांच भी शामिल है, राज्यों का विषय है। अभी केंद्र में राजग सरकार शासन में है, और अनेक राज्यों में भी उसकी सरकारें हैं, इसलिए अच्छा समय है कि सीबीआई को अखिल भारतीय स्तर पर अधिकारों से प्राधिकृत किया जाए। यह तथ्य बहुतों को पता नहीं होगा कि 2013 में सीबीआई को गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में ऐसा संगठन घोषित कर दिया था जिसके पास कोई वैधानिक अनुमोदन नहीं है। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश पर स्थगनादेश पारित करके स्थिति को संभाला था। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के स्थगनादेश के तहत सीबीआई कामकाज कर रहा है।

अपनी स्थापना के बाद से ही सीबीआई का राजनेताओं के साथ खट्टा–मीठा संबंध रहा है। हमेशा मांग की जाती है कि किसी मामले की सीबीआई जांच कराई जाए लेकिन वही राजनेता जब स्वयं सीबीआई जांच के घेरे में आ जाता है, तो जांच की आलोचना करते हुए अन्य मामलों में सीबीआई जांच की मांग करने लग पड़ता है। बहरहाल, सीबीआई ने अपने पेशेवर कामकाज से लोगों का दिल जीता है। अपनी सक्षमता का अहसास कराया है, और निष्पक्ष जांच के लिए आज देश के नागरिक इस एजेंसी पर विश्वास करते हैं। न केवल नागरिकों, बल्कि सरकार, न्यायपालिका, विधायिका, मीडिया का भी इस एजेंसी में पूरा विश्वास जब–तब झलक पड़ता है। लेकिन राजनीतिक रूप से संवेदनशील मामलों में इसे निशाने पर लिए जाने की प्रवृत्ति भी देखने को मिलती है। हमेशा से इसे सत्ताधारी राजनीतिक पार्टी के टूल के रूप में आलोचना का शिकार बनाया जाता है। आरोप लगाए जाते हैं कि सत्ताधारी राजनीतिक पार्टी अपने विरोधियों का इस एजेंसी के जरिए उत्पीडऩ कर रही है। ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि सीबीआई सत्ताधारियों या उनके करीबियों के साथ अलग तरह से व्यवहार करती है, और राजनीतिक रूप से संवेदनशील मामलों में इसका व्यवहार निष्पक्ष नहीं होता। सीबीआई में प्रतिष्ठित पुलिस अधिकारी शामिल होते हैं, और ऐसे कामकाजी मुद्दे हैं, जो इसके स्वतंत्र कामकाज को अवरोधित किए रहते हैं और इस संगठन को इसके लिए पूरी तरह केंद्र सरकार और राज्य सरकारों पर निर्भर रहना पड़ता है। सीबीआई भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार मंत्रालय से जुड़ा कार्यालय भर है। इस कारण प्रशासनिक और वित्तीय मामलों में इसे केंद्र सरकार की स्वीकृति की दरकार रहती है। हालांकि यह विशुद्ध जांच एजेंसी है, और अपराध संहिता के प्रावधानों के तहत कार्य करती है, और अदालतों के प्रति जवाबदेह होती है, लेकिन इसके बावजूद मामलों की जांच के समय और जांच की गति को लेकर जब–तब सवालों से घिर जाती है। जांच के समय को लेकर बेशक, इसे घेरा जाता हो लेकिन वैधानिकता या कानूनी प्रक्रिया के तहत इसकी जांच पर उंगली नहीं उठाई जा सकती। लोग कहने लगे हैं कि सीबीआई जांच को तेज या मद्धिम करके राजनीतिक गठजोड़ किए जाते हैं। सार्वजनिक हित में जरूरी है कि सीबीआई को अखिल भारतीय न्यायाधिकार प्रदान किया जाए। अपने परिचालन में इसे राज्य सरकारों की मंजूरी की दरकार नहीं रहने दी जाए। नेशनल इंवेस्टिगेशन एंड एन्फोर्समेंट डायरेक्टर तक को ऑल इंडिया ज्यूरिडिक्शन प्रदान कर दिया गया है, और उसे राज्य सरकारों की मंजूरी की जरूरत नहीं होती। मामलों की निष्पक्ष जांच के मद्देनजर निष्पक्ष जांच एजेंसी के रूप में सीबीआई की क्षमता का लाभ उठाया जाना चाहिए। केंद्र और राज्यों में सत्तारूढ़ लोगों का दायित्व है कि सीबीआई को पेशेवर तरीके से दायित्व निवर्हन में कारगर बनाएं क्योंकि यह सार्वजनिक हित में है कि किसी मामले को निष्पक्ष जांच के बाद उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जाए।

# क्या आपके फ्रिज में भी आ चुकी हैं कोल्ड ड्रिंक की बोतलें? ये नुकसान जान अभी निकाल फेंकेंगे!

गर्मियां शुरू होते ही सभी अपने आहार में बदलाव लाते हुए ऐसी चीजों को शामिल करते हैं को उनके मन को ठंडक प्रदान करें। ऐसा ही कुछ होता हैं कोल्ड ड्रिंक्स के साथ जिसका सेवन लोग गर्मियां आते ही करने लगते हैं। आजकल कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन बहुत अधिक बढ़ गया है। आज के दौर में कोल्ड ड्रिंक्स हर पार्टी की शान मानी जाती है। पार्टी में कोल्ड ड्रिंक न हो ऐसा हो ही नहीं सकता है। कई लोगों को तो कोल्ड ड्रिंक्स की लत लग जाती है और यह लत छुड़ानी मुश्किल होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जिस कोल्ड ड्रिंक को आप गर्मी से राहत पाने के लिए पीते हैं, वह आपकी सेहत के लिए काफी हानिकारक हो सकती है। आइए जानते हैं कि अगर आप कोल्ड ड्रिंक का सेवन करें तो आपकी सेहत को क्या क्या नुकसान हो सकता है।

**शुगर बढने का खतरा** जब आप खाना खाते हैं तो आप खाने में काबीहाइड्रेट्स और अन्य पोषक तत्वों का सेवन करते रहते हैं, लेकिन जब आप इसके साथ कोल्ड ड्रिंक पीते हैं तो ड्रिंक की शुगर भी आपके शरीर में जाती है और आपके शरीर में शुगर की मात्रा ज्यादा बढ़ जाती है। इसलिए खाने से साथ ये ना लें।

**फैटी लीवर की समस्या** कोल्ड ड्रिंक के सेवन से आपको फैटी लीवर की समस्या भी हो सकती है। आपको बता दें कि कोल्ड ड्रिंक में दो तरह की शुगर पाई जाती है। ग्लूकोज और फ्रुक्टोज ग्लूकोस बॉडी में तुरंत अब्सॉर्ब और मेटाबोलाइज़ हो जाता है। वहीं दूसरी तरफ फ्रुक्टोज केवल लिवर में जमा हो जाता है। ऐसे में आप अगर हर दिन कोल्ड ड्रिंक पी रहे हैं तो फ्रुक्टोज आप के लिवर में अतिरिक्त मात्रा में जमा हो जाएगा और लिवर पर असर डालेगा और इससे लिवर से जुड़ी समस्याएं पैदा होंगी। **हड्डियां हो सकती हैं कमजोर** सॉफ्ट ड्रिंक आपकी हड्डियों से कैल्शियम सोखने का काम करता है, जिससे हड्डियां कमजोर और भंगुर हो जाती हैं। सॉफ्ट ड्रिंक में फॉस्फोरिक एसिड मिला होता है जो कि एक अम्लीय होता है। ये हड्डियों से कैल्शियम सोख लेता है। कैफीन भी कैल्शियम सोखने का काम करती है जिससे हड्डियों पर बुरा असर पड़ता है। **कैंसर का जोखिम** आश्चर्यजनक रूप से कुछ अध्ययन इस बात की तरफ भी इशारा करते हैं कि अधिक मात्रा में कोल्ड ड्रिंक्स के सेवन की आदत कई ऐसी स्थितियों का भी कारण बन सकती है जो आपमें कैंसर के खतरे को बढ़ा देती है। 60,000 से अधिक वयस्कों पर किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि जो लोग प्रति सप्ताह 2 या इससे अधिक केन कोल्ड ड्रिंक्स पीते हैं, उनमें अग्नाशयी कैंसर विकसित होने की आशंका 87 फीसदी अधिक हो सकती है। **मोटापे का जोखिम** अधिक वजन किसी समस्या का कारण नहीं है, लेकिन इसकी वजह से हृदय और प्रतिरक्षा तंत्र पर दबाव पडऩे लगता है। जो बच्चे कोल्ड ड्रिंक को ज्यादा पीते हैं उनको मोटे होने का खतरा अधिक होता है। एक अध्ययन में पाया गया कि रोजाना कम कोल्ड ड्रिंक और सोफ्ट ड्रिंक पीने वाले मोटे बच्चों और किशोरों का वजन तेजी से कम हुआ।

## पीएम मोदी ने महावीर जयंती पर देशवासियों को दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को महावीर जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं. उन्होंने एक ट्वीट में कहा, आज एक विशेष दिन है, जब हम भगवान महावीर की महान शिक्षाओं को याद करते हैं. उन्होंने शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और समृद्ध समाज के निर्माण का रास्ता दिखाया. उनसे प्रेरित होकर, हम हमेशा दूसरों की सेवा करें और गरीबों और पिछड़ों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं. महावीर जयंती 24वें और अंतिम जैन तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाई जाती है. जैन समुदाय के लिए महावीर जयंती का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है.

## वाराणसी जा रहा इंडिगो का विमान तकनीकी समस्या के चलते हैदराबाद की ओर मोड़ा गया

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** बेंगलुरू से वाराणसी जा रहे 'इंडिगोइ एयरलाइन के विमान को मंगलवार को तकनीकी खराबी के चलते हैदराबाद की ओर मोड़ दिया गया. विमानन कंपनी ने बताया कि एक अन्य विमान से यात्रियों को वाराणसी भेजा जाएगा. कंपनी ने एक बयान में कहा कि बेंगलुरू से वाराणसी जाने वाले 'इंडिगोइ के विमान–6ई897 को एहतियात के तौर पर हैदराबाद की ओर मोड़ दिया गया. पायलट ने एक तकनीकी समस्या देखी और एहतियातन उसे हैदराबाद की ओर मोड़ दिया. अभी विमान की आवश्यक जांच की जा रही है. विमान में सवार यात्रियों की संख्या अभी पता नहीं चल पाई है.

## संप्रग के दौरान भ्रष्टाचार के लिए दोषसिद्धि दर अधिक रही :सिब्बल

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने मंगलवार को दावा किया कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में भ्रष्टाचार के लिए दोषसिद्धि की दर ज्यादा थी और उन्होंने पूछा कि भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को कौन बचा रहा है. उनकी यह टिप्पणी तब आयी है जब एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कहा कि किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति को बख्शा नहीं जाना चाहिए. सीबीआई के हीरक जयंती समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने सोमवार को कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई के लिए आज राजनीतिक इच्छाशक्ति की कोई कमी नहीं है और अधिकारियों को बगैर हिचकिचाहट के भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, भले ही वे कितने भी ताकतवर हों.

सिब्बल ने ट्वीट किया कि प्रधानमंत्री ने सीबीआई से कहा : भ्रष्ट व्यक्ति को न छोड़ो. मार्च 2016 : जितेंद्र सिंह ने संसद में कहा : 2013 में भ्रष्टाचार के लिए 1,136 लोग दोषी करार, 2014 में 993, 2015 में 878, 2016 में 71 लोग दोषी करार. भ्रष्टाचार के लिए दोषसिद्धि यूपीए के दौरान अधिक रही. संप्रग के पहले और दूसरे कार्यकाल के दौरान केंद्रीय मंत्री रहे सिब्बल ने कहा कि लोग झूठ बोल सकते हैं लेकिन तथ्य नहीं. भ्रष्टाचारी को कौन बचा रहा है.

## दिल्ली मेट्रो में छोटे कपड़ों में सफर कर रही एक महिला का वीडियो वायरल

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** दिल्ली मेट्रो के एक कोच में कथित तौर पर 'छोटे कपड़ोंइ में यात्रा कर रही एक महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है. सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में महिला अन्य महिला यात्रियों के साथ 'छोटे कपड़ोंइ में मेट्रो कोच के अंदर बैठी हुई नजर आती है. बाद में महिला खड़ी होकर वहां से चली जाती है.

# आपदा के मौके पर प्रतिक्रिया एकीकृत होनी चाहिए, अलग–थलग नहीं: पीएम



**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि निकटता से जुड़ी दुनिया में आपदाओं का प्रभाव केवल स्थानीय नहीं होता है, ऐसे में देशों की प्रतिक्रिया एकीकृत होनी चाहिए ना कि अलग–थलग. 'कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चरइ (सीडीआरआई) की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आपदा की स्थिति में स्थानीय अंतर्दृष्टि के महत्व पर भी प्रकाश डाला.

उन्होंने कहा, निकटता से जुड़ी दुनिया में, आपदाओं का प्रभाव केवल स्थानीय नहीं होगा, बल्कि एक क्षेत्र में आपदा का अलग क्षेत्र में बड़ा प्रभाव पड़ सकता है. इसलिए, हमारी प्रतिक्रिया एकीकृत होनी चाहिए, अलग–थलग नहीं. प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रत्येक राष्ट्र और क्षेत्र विभिन्न प्रकार की आपदाओं का सामना करता है और इन परिस्थितियों में समाज बुनियादी ढांचे से संबंधित स्थानीय ज्ञान विकसित करता है. उन्होंने बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करते समय, इस तरह के ज्ञान का बुद्धिमानी से उपयोग करने की आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने कहा, स्थानीय अंतर्दृष्टि के साथ आधुनिक तकनीक लचीलेपन के लिए बहुत अच्छी हो सकती है. इसके अलावा, यदि अच्छी तरह से इनका उपयोग किया जाता है तो स्थानीय ज्ञान एक वैश्विक सर्वोत्तम अभ्यास बन सकता है. भारत की अगुवाई वाला सीडीआरआई नयी दिल्ली में आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे पर दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित कर रहा है. मोदी ने कहा कि कुछ ही वर्षों में, 40 से अधिक देश सीडीआरआई का हिस्सा बन गए हैं और इस प्रकार यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण मंच बनता जा रहा है. उन्होंने कहा, उन्नत अर्थव्यवस्थाएं और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं, छोटे देश और बड़े देश, वैश्विक उत्तर और वैश्विक दक्षिण इस मंच पर एक साथ आ रहे हैं.

यह भी उत्साहजनक है कि केवल सरकारें ही इसमें शामिल नहीं हैं, बल्कि वैश्विक संस्थान और निजी क्षेत्र भी एक बड़ी भूमिका निभा रहे हैं. इस प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम में 20 से ज्यादा देशों से 50 वैश्विक संगठनों, निजी क्षेत्र और शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि के तौर पर लगभग 90 विशेषज्ञ शामिल हैं. इसमें अधिक मजबूत दुनिया के लिए संभावित समाधानों को बढ़ाने और आपदा एवं जलवायु अनुकूल उद्देश्यों की सुविधा पर ध्यान केंद्रित किया जाना है. सम्मेलन में बुनियादी ढांचे में मजबूती लाने और आपदाओं के बढ़ते मामलों तथा प्रभाव के कारण लोगों और समुदायों के लिए आवश्यक सेवाओं की पहुंच, वितरण और निरंतरता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर देने का प्रयास किया जाएगा.

## बिलावल भुट्टो ने पाकिस्तान में मार्शल लॉ की आशंका जताई

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने फुल कोर्ट गठित नहीं होने की स्थिति में देश में आपातकाल या मार्शल लॉ लगाने की आशंका जताई है। बिलावल, जो पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष भी हैं, ने लरकाना में मीडिया से बात करते हुए यह टिप्पणी की। उनकी पार्टी खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब चुनावों पर तीन न्यायाधीशों के किसी भी फैसले को स्वीकार नहीं करेगी, उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी फुल कोर्ट के फैसले को स्वीकार करेगी और उसे लागू भी करेगी।विदेश मंत्री ने कहा कि तीन न्यायाधीशों के फैसले को स्वीकार नहीं किया जाएगा क्योंकि उनमें से एक ने पीडीएम पंजाब सरकार को विपक्षी पीटीआई के हाथों सौंप दिया था।उन्होंने पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश से राष्ट्र के व्यापक हित में पूर्ण अदालत गठित करने को कहा।बिलावल ने कहा कि पाकिस्तानी सेना, रेंजर्स, पुलिस और एलईए ने कुबार्नी देकर आतंकवाद का सफाया किया और पाकिस्तान में शांति बनाए रखी, लेकिन अयोग्य, मूर्ख इमरान खान ने आतंकवादियों को बढ़ावा दिया।

## चीनी जासूसी गुब्बारों ने अमेरिकी सैन्य स्थलों से जुटाई खुफिया जानकारी : रिपोर्ट

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी एफ–22 फाइटर जेट द्वारा 4 फरवरी को मार गिराए गए संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारे ने कई संवेदनशील अमेरिकी सैन्य स्थलों से खुफिया जानकारी हासिल करने में कामयाबी हासिल की। यह जानकारी अधिकारियों के हवाले से एक मीडिया रिपोर्ट में दी गई है। चीनी गुब्बारा अमेरिकी सैन्य स्थलों के ऊपर से कई बार उड़ा और जानकारियों को बीजिंग को भेजा।

चीन ने जो खुफिया जानकारी एकत्र की थी, वह ज्यादातर इलेक्ट्रॉनिक संकेतों से थी, जिसे हथियार प्रणालियों से उठाया जा सकता है या छवियों के बजाय आधार कर्मियों से संचार शामिल किया जा सकता है।

संदिग्ध जासूसी गुब्बारा, जिसे अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने पहली बार 2 फरवरी को ट्रैक करने की घोषणा की थी, दो दिन बाद मार गिराया गया था।

गुब्बारे को 5 फरवरी को दक्षिण कैरोलिना में मर्टल बीच के तट से पुनः प्राप्त किया गया था।चीन संवेदनशील साइटों से बहुत अधिक खुफिया जानकारी एकत्र कर सकता था।

अपनी दैनिक प्रेस वार्ता में, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता किर्बी जॉन ने यह टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि गुब्बारा किस तरह के इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल या संचार तक पहुंच सकता है।

किर्बी ने कहा, यह जानते हुए कि यह अमेरिकी हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने जा रहा था, हमने सीमित करने के लिए कार्रवाई की।गुब्बारे की खोज ने एक कूटनीतिक संकट खड़ा कर दिया था, राज्य के सचिव एंटनी ब्लिंकेन ने तुरंत चीन की निर्धारित यात्रा को बंद कर दिया था।

रक्षा विभाग की प्रवक्ता सबरीना सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि एफबीआई अभी भी गुब्बारे के मलबे की जांच कर रही है। सिंह ने कहा, हम इस बात का आकलन कर रहे हैं कि चीन क्या इक्ट्ठा करने में सक्षम था।

## नाटो यूक्रेन के लिए बहु–वर्षीय सहायता कार्यक्रम पर कर रहा है विचार : स्टोलटेनबर्ग

**कीव, एजेंसी।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि गठबंधन यूक्रेन के लिए एक बहु–वर्षीय सहायता कार्यक्रम पर चर्चा करेगा। स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि यह कार्यक्रम 4–5 अप्रैल को नाटो के विदेश मंत्रियों की बैठक के एजेंडे में होगा।

स्टोलटेनबर्ग ने ब्रसेल्स (बेल्जियम) में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे उम्मीद है कि मंत्री यूक्रेन के लिए एक बहु–वर्षीय कार्यक्रम के विकास पर काम शुरू करने के लिए सहमत होंगे। उन्होंने कहा कि रूस के साथ संघर्ष में यूक्रेन के लिए समर्थन प्रदान करने के साथ–साथ, कार्यक्रम यूक्रेन और नाटो के बीच संबंधों के विकास के दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उनकी बैठक में नाटो देशों के विदेश मंत्री यूक्रेन के सशस्त्र बलों के समर्थन को मजबूत करने और नाटो मानकों के लिए उनके संक्रमण को सुनिश्चित करने के तरीकों पर भी चर्चा करेंगे।

## अडाणी की शेल कंपनियों में 20,000 करोड़ किसके हैं

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** सूरत की सत्र अदालत द्वारा जमानत की अवधि बढ़ाए जाने के एक दिन बाद राहुल गांधी ने मंगलवार को अडाणी कंपनियों में धन के लेन–देन पर फिर से सवाल उठाया। राहुल गांधी केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक के लिए कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। बैठक में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए शेष 100 उम्मीदवारों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

जब उनसे न्यायपालिका पर दबाव बनाने के भाजपा के आरोप के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया, आप यह क्यों पूछते हैं कि भाजपा क्या कहती है .. एकमात्र सवाल यह है कि अडानी शेल कंपनियों में 20,000 करोड़ रुपये किसके हैं।कोर्ट ने राहुल गांधी को सोमवार को आपराधिक मानहानि मामले में जमानत दी। उन्होंने कहा था कि सच्चाई इस संघर्ष में उनका हथियार है।

हिंदी में ट्वीट्स की एक श्रृंखला में, गांधी ने कहा कि यह लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई और मित्र काल के खिलाफ है, और इस संघर्ष में, सत्य मेरा हथियार है और सत्य मेरा आश्रय है।

# महाप्रबंधक ने लखनऊ एवं अयोध्या जं.स्टेशन के कार्यों एवं परियोजनाओं का किया निरीक्षण

**प्रतिनिधि**

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे,लखनऊमंडल की परिसीमा में आने वाले लखनऊ के चारबाग में स्थित ऐतिहासिक लखनऊ रेलवे स्टेशन,अयोध्या जं.,वाराणसी जं.(कैंट.)तथा काशी स्टेशन सहित मंडल के अन्य रेल स्थलों पर वर्तमान समय में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं प्रगतिशील परियोजनाओं का जायजा लेने के लिए मंगलवार को उत्तर रेलवे के मुख्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली से महाप्रबंधक, शोभन चौधुरी का अपने दो दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत लखनऊ आगमन हुआ।अपने इस निरीक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर मंगलवार को महाप्रबंधक ने लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक,श्री सुरेश कुमार सपरा एवं मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ चारबाग रेलवे स्टेशन पर प्रगतिशील समस्त कार्य संबंधी स्थलों पर पहुंचकर इन विकास कार्यों का अवलोकन किया एवं इनकी वर्तमान स्थिति से भली भांति अवगत हुए।



इस निरीक्षण के तहत महाप्रबंधक ने सर्वप्रथम स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार की प्रगति कार्य के अवलोकन हेतु उस स्थल पर रेल भूमि विकास प्राधिकरण के कैंप कार्यालय में पहुंचकर समस्त उन्नयन कार्य(अपग्रेडेशन वर्क)का विधिवत जायजा लिया तथा फ्छ्ऊअ के मुख्य परियोजना प्रबंधक,लखनऊ श्री सुधीर कुमार सिंह से लखनऊस्टेशन के री–डेवलपमेंट के बारे में मॉडल के माध्यम से परियोजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा कैम्प कार्यालय में पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से चारबाग स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की तथा अपने आवश्यक सुझाव एवं निर्देश पारित किए ।अपने निरीक्षण कार्यक्रम के अगले चरण में उन्होंने द्वितीय प्रवेश द्वार पर निर्माणाधीन एकीकृत विश्रामालय में टी.टी.ई. , ट्रेन मैनेजर एवं लोको पायलेट हेतु रनिंग रूम का निरीक्षण किया एवं कर्मचारियों की सुविधा से सम्बंधित आवश्यक संसाधनों को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने हेतु दिशा निर्देश दिये ` तदोपरांत महाप्रबंधक द्वितीय प्रवेश द्वार वाले फुट ओवर ब्रिज से चलकर चारबाग स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं,इनके आधुनिकीकरण हेतु किए जाने वाले प्रयासों,परिचालन संबंधी संरक्षा व्यवस्था,स्वच्छता तथा स्टेशन पर वर्तमान समय में क्रियान्वित समस्त प्रगतिशील कार्यों के विषय में मंडल द्वारा किए जाने वाले प्रयासों एवं लिए जाने वाले निर्णयों की समीक्षा करते हुए मंडल के अधिकारियों के साथ बैठक की।उन्होंने समस्त कार्यों को उच्च गुणवत्ता के समस्त मानकों का पूर्णतया पालन करते हुए निर्धारित समय पर संपन्न करने की बात कही।महाप्रबंधक ने इस अवसर पर स्टेशन पर उपस्थित मीडिया कर्मियों से प्रेसवार्ता करते हुए उनको उत्तर रेलवे की भावी योजनाओं एवं कार्यों की जानकारी प्रदान की तथा रेलवे की मान्यताप्राप्त यूनियनों के प्रतिनिधियों से भेंट की तथा रेल सहायकों(कुलियों) से भी संवाद स्थापित कर उन्हें उत्कृष्ट यात्री सेवाओं हेतु प्रेरित किया। इस निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने संरक्षित रेल परिचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए रेल संचालन प्रणाली को संचालित करने की प्रतिबद्धता पर विशेष बल दिया। उन्होंने लखनऊ में चल रही उत्तर रेलवे की विभिन्न परियोजनाओं, माल यातायात आय, यात्री परिवहन एवं यात्री सुविधा का उल्लेख करते हुए इसके भौगोलिक क्षेत्र, ट्रेन परिचालन, महत्वपूर्ण गतिविधियां,राजस्व अर्जन, कर्मचारी कल्याण एवं विकासपरक परियोजनाओं जैसे अनेक बिंदुओं पर प्रतिबद्धता से साथ कार्य करने की बात को प्रमुखता से कहा।

लखनऊ स्टेशन के निरीक्षण के उपरांत महाप्रबंधक समस्त अधिकारियों के साथ अयोध्या जं. के लिए प्रस्थान कर गए तथा लखनऊ से रुदौली के मध्य रेलपथ की विंडो ट्रेलिंग करते हुए उन्होंने ट्रैक की संरक्षा को भलीभांति परखा तथा उनका अयोध्या जं. स्टेशन पर आगमन हुआ।अयोध्या जं. स्टेशन पर पहुंचकर महाप्रबंधक ने स्टेशन की आधारभूत संरचना में परिवर्तन,नवीन भवन निर्माण कार्य,यात्री सुविधा के उन्नयन एवं चल रहे सभी विकास कार्यों के संबंध में आरआईटीएस के अधिकारियों के साथ विस्तार से मंत्रणा करते हुए इन कार्यों की विधिवत जानकारी प्राप्त करते हुए इनकी समीक्षा की तथा इस विषय के अपनी आवश्यक सलाह एवं दिशा निर्देश पारित किए तथा स्टेशन पर उपस्थित मीडिया कर्मियों से संवाद स्थापित किया।महाप्रबंधक ने इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को और अधिक कुशलता एवं क्षमता के साथ अपने को उन्नत करके व्यावसायिक दृष्टिकोण के साथ कार्य करने की सलाह प्रदान की।आज के इस निरीक्षण कार्यक्रम में मंडल के अनेक निरीक्षक, पर्यवेक्षक तथा अन्य कर्मचारी भी सम्मिलित रहे।

## मणिपुर में बम विस्फोट में 5 प्रवासी मजदूर घायल

**इंफाल,(एजेंसी)।** मणिपुर में उखरूल जिले के फुंगरीतांग और व्यूलैंड क्षेत्र के बीच सोमवार शाम एक आईईडी विस्फोट में पांच लोग घायल हो गए. पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी. घायल हुए पांचों लोग मणिपुरी के नहीं हैं. घायलों को इलाज के लिए उखरुल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है.


अधिकारियों ने बताया कि संजय कुमार प्रसाद और मंगल महतोनको बिहार के निवासी हैं, जिन्हें चिकित्सकों ने इंफाल के एक अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी है. ये दोनों व्यूलैंड में रहते हैं. वहीं अन्य तीन खतरे से बाहर हैं. पुलिस विस्फोट के मकसद का पता लगाने की कोशिश कर रही है. विस्फोट के कारण सड़क पर एक गड्ढा भी हो गया.अज्ञात बदमाशों ने एक ठेले के नीचे रखे बम में विस्फोट किया था. विस्फोट के बाद जिला पुलिस कर्मी तथा असम राइफल्स के जवान मौके पर पहुंचे और तलाश अभियान चलाया. हालांकि अभी तक किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया गया है और न ही किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी ली है.

## देश में 24 घंटे में आए कोरोना के 3,038 नए मामले

**नईदिल्ली,(एजेंसी)।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 3,038 नए मामले आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,47,29,284 हो गई है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 21,179 पर पहुंच गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को सुबह आठ बजे जारी अपडेटेड आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से दिल्ली तथा पंजाब में दो–दो और जम्मू–कश्मीर, महाराष्ट्र तथा उत्तराखंड में एक–एक मरीज की मौत के बाद देश में मृतक संख्या बढ़कर 5,30,901 हो गई। वहीं, संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुनःमिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले मरीजों की सूची में दो नाम और जोड़े हैं।

अपडेटेड आंकड़ों के मुताबिक, देश में अभी 21,179 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.05 फीसदी है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.76 फीसदी है। अभी तक कुल 4,41,77,204 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड–19 से मृत्यु दर 1.19 फीसदी है।



स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसा-इट के मुताबिक, भारत में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड–19 रोधी टीकों की 220.66 करोड़ खुराक लगाई जा चुकी हैं। गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी।संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।

## ओडिशा के क्योंझर में आग लगने से 69 दुकानें जलीं, शॉर्ट सर्किट होने की आशंका

**क्योंझर,(एजेंसी)।** ओडिशा के क्योंझर शहर में एक बाजार में आग लग जाने से 69 दुकानें जल कर खाक हो गईं. एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. क्योंझर के तहसीलदार आशीष महापात्रा ने बताया कि सोमवार शाम को दमकल की छह गाडियां आग बुझाने में जुटी थीं.उन्होंने कहा कि घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

# चुकानी पड़ रही चीन को पीएम की क्लीन चिट की कीमत: कांग्रेस

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** बीजिंग द्वारा अरुणाचल प्रदेश में 11 स्थानों का नाम बदलने के बाद मंगलवार को कांग्रेस ने आरोप लगाया कि देश जून 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चीन को क्लीन चिट देने की कीमत चुका रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्विटर पर कहा, यह जून 2020 में पीएम मोदी द्वारा चीन को दी गई क्लीन चिट की कीमत है। लगभग तीन साल बाद चीनी सेना हमारे गश्ती दल को डेपसांग मैदानों तक जाने से रोक रही है, जहां तक हमारी पहले पहुंच थी और अब चीन अरुणाचल प्रदेश में हमारी स्थिति को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है।

उन्होंने कहा कि एक शीर्ष चीनी राजनयिक ने हाल ही में दावा किया था कि भारत–चीन सीमा की स्थिति अब स्थिर है। लेकिन चीन के उकसावे और अतिक्रमण जारी हैं। इसने अब अरुणाचल प्रदेश में स्थानों के लिए चीनी नामों का तीसरा सेट जारी किया है, ऐसा पहले 2017 और 2021 में किया था।

जयराम ने कहा, अरुणाचल प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहा है और रहेगा। अरुणाचल प्रदेश के लोग भारत के गौरवशाली और देशभक्त नागरिक हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए भारत और सभी भारतीयों के सामूहिक संकल्प पर कोई संदेह नहीं होना चाहिए।

भारतीय राज्य पर अपने दावे पर फिर से जोर देने के अपने प्रयासों के तहत, चीन ने सोमवार को अरुणाचल प्रदेश में उन 11 स्थानों की सूची जारी की जिनके नाम उसने बदल दिए हैं।

सरकार ने इस दावे को खारिज करते हुए अरुणाचल को भारत का अभिन्न अंग बताया।

## 8 साल की बच्ची से रेप के बाद उसके 10 टुकड़े करने के मामले में आरोपी के माता–पिता भी गिरफ्तार

**जयपुर,(एजेंसी)।** राजस्थान के उदयपुर जिले के मावली इलाके में 8 साल की बच्ची से रेप के बाद उसके 10 टुकड़े करने के मामले में हत्यारे कमलेश उर्फ करण सिंह के माता–पिता को भी गिरफ्तार किया है. बच्ची की हत्या के बाद उसके शव को बाहर खंडहर जगह पर ठिकाने लगाने में माता–पिता की भूमिका रही है. इसके साथ ही प्रशासन को लगातार अभियुक्त के माता–पिता गुमराह करते रहे.

मामले में लिप्त अभियुक्त करण सिंह के पिता राम सिंह व माता किशन कुंवर को गिरफ्तार किया गया. जहां उन्हें न्यायालय में पेश किया वहां उन्हें रिमांड पर भेज दिया. मामला एसटी–एससी का होने से उपाधीक्षक मामले में जांच कर रहे हैं. जानकारी के अनुसार बालिका की हत्या के बाद युवक के कमरे में भी बोरे में बन्द कर शव को रखा था जिससे वह रात भर सो नही पा रहा था. दो दिन में उसको नींद नही आने के कारण शक की सुई उस आ अटकी. ऐसे में पुलिस ने एक ही बार सख्ती की तो उसने पूरा मामला ही उगल दिया.इधर जघन्य हत्याकांड को लेकर चारों तरफ रोष व्यापत हो गया है. कई समाज संगठनों ने ज्ञापन भी दिए और पीड़ित को न्याय तथा आरोपी को फांसी की सजा की मांग की है. सर्व समाज मे इसको लेकर काफी रोष व्याप्त है. लोग आरोपी को फांसी की सजा देने व मृतका के परिजनों को 50 लाख की आर्थिक सहायता देने की मांग कर रहे हैं.

## दिल्ली भाजपा ने पार्टी कार्यालय के बाहर लगाए केजरीवाल विरोधी पोस्टर

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आप) पर एक और हमला करते हुए दिल्ली भाजपा ने मंगलवार को अपने कार्यालय के बाहर अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री पर दिल्ली के मुख्यमंत्री की टिप्पणी के संदर्भ में पोस्टर लगाए। हिंदी में पोस्टरों में लिखा है, डिग्री तो बहाना है, केजरीवाल को भ्रष्टाचार से नजर हटाना है।

2 अप्रैल को गुवाहाटी में आप की एक रैली को संबोधित करते हुए, केजरीवाल ने कहा, अगर प्रधानमंत्री मोदी शिक्षित होते, तो उन्होंने नोटबंदी का आह्वान नहीं किया होता, और कृषि कानूनों को भी नहीं लाते जो अंततः निरस्त कर दिए गए थे।

उन्होंने कहा, किसी ने प्रधानमंत्री को यह सलाह देकर बेवकूफ बनाया कि अगर नोटबंदी होती है ,तो भ्रष्टाचार खत्म हो जाएगा। इसके अलावा, आतंकवाद भी खत्म हो जाएगा। प्रधानमंत्री अगर शिक्षित होते तो नोटबंदी नहीं करते।

# सनराइजर्स के खिलाफ बड़ी जीत के बाद पंजाब किंग्स की चुनौती के लिए तैयार रॉयल्स

गुवाहाटी, । सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार जीत से आत्मविश्वास से भरा राजस्थान रॉयल्स अपनी संतुलित टीम के दम पर बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के खिलाफ एक बार फिर मजबूत प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगा।

पिछले साल के उप विजेता रॉयल्स ने 72 रन की जीत के दौरान रविवार को हैदराबाद की टीम को खेल के हर विभाग में पछाड़ा।सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल और बेहतरीन फॉर्म में चल रहे इंग्लैंड के सीमित ओवरों के कप्तान जोस बटलर तथा कप्तान संजू सैमसन के अर्धशतकों से रॉयल्स के बल्लेबाजों ने दबदबा बनाया। टीम ने इसके बाद युजवेंद्र चहल (17 रन पर चार विकेट) और ट्रेंट बोल्ट (21 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी से सनराइजर्स के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त किया।पंजाब किंग्स ने भी हालांकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मोहाली में डकवर्थ –लुईस पद्धति के तहत सात रन की जीत के दौरान अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी क्षमता की झलक पेश की जिससे बुधवार को गुवाहाटी में होने वाले मुकाबले के रोमांचक होने की उम्मीद है।

यह मैच रॉयल्स का 'घरेलू' मैच होगा और पूर्वोत्तर को पहली बार आईपीएल मुकाबले की मेजबानी का मौका मिलेगा।




रॉयल्स की बल्लेबाजी में गहराई है। युवा यशस्वी ने 37 गेंद में 54 रन की पारी के दौरान दर्शाया कि वह कितनी तेजी से परिपक्व हुए हैं जबकि बटलर ने पिछले सत्र की फॉर्म को बरकरार रखते हुए 22 गेंद में 54 रन की पारी खेली।मध्य क्रम में हालांकि देवदत्त पडिक्कल और रियान पराग सस्ते में आउट हुए लेकिन वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर ने टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया।

रॉयल्स की गेंदबाजी भी मजबूत नजर आती है। टीम के पास बोल्ट के रूप में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक है। इसके अलावा दो दिग्गज भारतीय स्पिनर चहल और रविचंद्रन अश्विन भी टीम का हिस्सा हैं और पंजाब की टीम को पता है कि इनके खिलाफ बारसापारा स्टेडियम में उनकी राह आसान नहीं होगी।

पंजाब के पास शीर्ष क्रम में शिखर धवन के रूप में अनुभवी भारतीय बल्लेबाज है। टीम के गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह कर रहे हैं। टीम को हालांकि इंग्लैंड के आक्रमक बल्लेबाल लियाम लिवंगस्टोन का इंतजार है जिन्हें इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) से फिटनेस क्लीयरेंस नहीं मिली है। उन्हें पिछले साल दिसंबर में घुटने में चोट लगी थी।आईपीएल इतिहास में 18 करोड़ और 50 लाख रुपये के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी बने इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम कुरेन, लिविंगस्टोन और अर्शदीप मौजूदा सत्र में पंजाब की टीम के लिए तुरुप के इक्के साबित हो सकते हैं।

टीम इस प्रकार हैंः

राजस्थान रॉयल्सः संजू सैमसन (कप्तान), अब्दुल बासित, मुरुगन अश्विन, रविचंद्रन अश्विन, केएम आसिफ, ट्रेंट बोल्ट, जोस बटलर, केसी करियप्पा, युजवेंद्र चहल, डोनोवन फरेरा, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, ओबेद मैकॉय , देवदत्त पडिक्कल, रियान पराग, कुणाल सिंह राठौर, जो रूट, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव और एडम जम्पा।

पंजाब किंग्सः शिखर धवन (कप्तान), अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, राज बावा, राहुल चाहर, सैम कुरेन, ऋषि धवन, नाथन एलिस, हरप्रीत बरार, हरप्रीत सिंह, वी कावेरप्पा, लियाम लिविंगस्टोन, मोहित राठी, प्रभसिमरन सिंह, कागिसो रबादा , भानुका राजपक्षे, एम शाहरुख खान, जितेश शर्मा, शिवम सिंह, मैथ्यू शॉर्ट, सिकंदर रजा और अथर्व तायडे।

# राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन संजीता चानू पर चार साल का प्रतिबंध

नयी दिल्ली, राष्ट्रमंडल खेलों में दो बार की चैंपियन भारतीय भारोत्तोलक संजीता चानू पर पिछले साल डोप परीक्षण में असफल रहने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने चार साल का प्रतिबंध लगाया है।

संजीता पिछले साल सितंबर–अक्टूबर में गुजरात में राष्ट्रीय खेलों के दौरान परीक्षण में एनाबॉलिक स्टेरॉयड ड्रोस्तानोलोन मेटाबोलाइट के लिए पॉजिटिव पाई गई थी, जो विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की प्रतिबंधित सूची में शामिल है।

भारतीय भारोत्तोलन महासंघ ( आईडब्ल्यूएफ) के अध्यक्ष सहदेव यादव ने पुष्टि की कि संजीता को प्रतिबंधित किया गया है।उन्होंने कहा, हां, संजीता पर नाडा ने चार साल का प्रतिबंध लगाया है।यह संजीता के लिए बड़ा झटका है। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों में रजत पदक जीता था जिसे छीन लिया गया है। इस नए घटनाक्रम पर उनकी प्रतिक्रिया नहीं ली जा सकी।

संजीता ने 2014 में ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में 48 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।



उन्होंने 2018 में गोल्ड कोस्ट में 53 किग्रा भार वर्ग में सोने का तमगा हासिल किया था।

मणिपुर की इस खिलाड़ी के पास अभी फैसले के खिलाफ अपील करने का विकल्प है लेकिन यह तय नहीं है कि वह ऐसा करेंगी या नहीं।

संजीता ने जनवरी में कहा था, मुझे पहले भी इसका अनुभव है तो फिर मैं फिर से क्यों डोप लूंगी। मैं नहीं जानती कि मैं अपील करूंगी या नहीं क्योंकि दोनों मामलों में मेरी हार होगी।उन्होंने कहा था, अगर मैं अपील करती हूं तो मेरा नाम पाक साफ होने में समय लगेगा और मेरे पास ओलंपिक और एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने का मौका नहीं रहेगा। अगर मैं हार जाती हूं तो मुझे निलंबित कर दिया जाएगा।यह पहला अवसर नहीं है जबकि 2011 की एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता को डोपिंग से जुड़े विवाद का सामना करना पड़ रहा है।इससे पहले नवंबर 2017 में अमेरिका में विश्व चैंपियनशिप से पहले एनाबॉलिक स्टेरॉयड टेस्टोस्टेरोन के लिए पॉजिटिव पाए जाने पर अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ ने 2018 में उन्हें प्रतिबंधित किया था। विश्व संस्था ने हालांकि 2020 में उन्हें आरोप मुक्त कर दिया था।

# धोनी की गेंदबाजों को चेतावनी, कम नोबॉल और वाइड करो या नए कप्तान के नेतृत्व में खेलो



चेन्नई, चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपने गेंदबाजों को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी मैचों में नोबॉल और वाइड की संख्या में कटौती करने की कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वे विरोधी टीम को इस तरह से आसानी से रन देते रहे तो फिर उन्हें नए कप्तान के नेतृत्व में खेलना होगा।धोनी की यह चेतावनी चेन्नई सुपर किंग्स की सोमवार को लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ 12 रन की जीत के बाद आई है।

यह विकेटकीपर बल्लेबाज इस बात से नाखुश था कि उनके गेंदबाजों ने इस मैच में तीन नोबॉल और 13 वाइड की जिससे लखनऊ 218 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट पर 205 रन तक पहुंचने में सफल रहा।

चेन्नई की टीम ने मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपने पहले मैच में चार वाइड और दो नोबॉल की थी। धोनी की टीम उस मैच में पांच विकेट से हार गई थी। युवा तेज गेंदबाज राजवर्धन हैंगारगेकर ने उस मैच में तीन वाइड और एक नोबॉल की थी। सोमवार को उन्होंने लखनऊ के खिलाफ तीन वाइड की।चेन्नई के एक अन्य तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने सोमवार को दो विकेट लिए लेकिन इस बीच उन्होंने चार वाइड और तीन नोबॉल की। अनुभवी तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने भी सोमवार को वाइड के जरिए पांच अतिरिक्त रन दिए।धोनी ने मैच के बाद कहा, उन्हें एक भी नोबॉल नहीं करनी होगी और कम वाइड करनी होंगी।

# आईपीएल से हटे शाकिब, केकेआर करेगा विकल्प की मांग

मुंबई, । बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने रविवार को आईपीएल की अपनी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को बताया कि अंतरराष्ट्रीय व्यस्तताओं और निजी कारणों से वह इस सत्र में नहीं खेलेंगे ।

केकेआर अब उनके विकल्प की मांग करने की प्रक्रिया में है ।

रिपोर्ट के अनुसार शाकिब ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और निजी कारणों से आईपीएल से बाहर रहने का फैसला किया है । वह पंजाब किंग्स के खिलाफ पहला मैच भी नहीं खेले थे ।केकेआर के नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर चोट के कारण आईपीएल से पहले ही बाहर हैं ।

# ब्रावो से डेथ ओवरों की गेंदबाजी कौशल सीख रहा हूं: देशपांडे

चेन्नई, चेन्नई सुपर किंग्स के मध्यम गति के गेंदबाज तुषार देशपांडे ने कहा कि डेथ ओवरों की गेंदबाजी आसान काम नहीं है और वह अब भी इस कौशल को सीख रहे हैं।

लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ मैच में इस 27 वर्षीय गेंदबाज ने दो विकेट लिए लेकिन इसके साथ ही चार वाइड और तीन नोबॉल भी की जिससे उनके कप्तान महेंद्र सिंह धोनी नाखुश थे।

देशपांडे ने चेन्नई की जीत के बाद पत्रकारों से कहा, डेथ ओवरों में गेंदबाजी करना आसान काम नहीं है। मैं अभी इसे सीख रहा हूं।

उन्होंने कहा, हमारे पास गेंदबाजी कोच के रूप में ड्वेन ब्रावो हैं जो डेथ ओवरों के बेहतरीन गेंदबाज थे। मैं उनसे सीखने की कोशिश कर रहा हूं। ब्रावो ने वर्षों तक चेन्नई के लिए जो भूमिका निभाई मेरी भूमिका भी कुछ उसी तरह से है। मैं उनकी



जगह नहीं ले सकता लेकिन मैं उनसे स्लॉग ओवरों की गेंदबाजी सीख रहा हूं।देशपांडे ने कहा कि वह हर दिन अपने खेल में सुधार कर रहे हैं और एक गेंदबाज के रूप में निखर रहे हैं।उन्होंने कहा, मेरा मानना है खेलने का मौका मिलना या नहीं मिलना यह मेरे हाथ में नहीं है। लेकिन मेरे हाथ में यही है कि मैं हर दिन अपने खेल में सुधार करूं इसलिए मैं इस पर ध्यान दे रहा हूं।


मैच का अंतिम ओवर करने वाले देशपांडे ने कहा, मैं वर्तमान में विश्वास करता हूं जो बीत गया वह अतीत की बात है। टी20 क्रिकेट में नोबॉल करना अपराध है लेकिन अगर मैं इसी बारे में सोचता रहता तो हो सकता था कि 10 अतिरिक्त रन दे देता और परिणाम दूसरी टीम के पक्ष में जा सकता था।

इस बीच लखनऊ के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा कि इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड उपमहाद्वीप विशेषकर आईपीएल में अभी अपने पांव जमा रहे हैं। वुड ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पांच विकेट लिए थे लेकिन सोमवार को वह नहीं चल पाए थे।

मोर्कल ने कहा, मार्क वुड 150 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहा है। वह आक्रामक लेंथ से गेंदबाजी कर रहा है। वह हमारा स्ट्राइक गेंदबाज है। मेरे लिए यह जरूरी है कि मैं उसे बताऊं किस तरह की पिच पर हमें उससे क्या उम्मीद है। यह आईपीएल में उसका केवल तीसरा मैच है। वह अभी उपमहाद्वीप में अपने पांव जमा रहा है विशेषकर आईपीएल में जिसमें छोटी सी गलती भी आपको मुश्किल में डाल सकती है।

## फिल्मी सफर

# स्त्री 2 के साथ होगी हॉरर–कॉमेडी यूनिवर्स की वापसी, भेडिय़ा बन वरुण धवन निभाएंगे अहम किरदार



राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर हॉरर–कॉमेडी स्त्री के बाद जल्द ही स्त्री 2 में नजर आने वाले हैं। 2018 में आई इस फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और यह 129.9 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही थी। स्त्री को मिली शानदार सफलता के बाद निर्माताओं ने भेडिय़ा के साथ हॉरर–कॉमेडी यूनिवर्स बनाने की ओर कदम उठाए। भेडिय़ा में राजकुमार और श्रद्धा दोनों नजर आए थे, वहीं अब वरुण धवन स्त्री 2 का हिस्सा बनने वाले हैं।पिछले साल रिलीज हुई वरुण और कृति सैनन की भेडिय़ा बॉक्स ऑफिस पर अपना कमाल दिखाने में असफल साबित हुई, लेकिन इसने हॉरर–कॉमेडी यूनिवर्स में क्रॉसओवर की शुरुआत की। फिल्म में राजकुमार मिड–क्रेडिट सीन में नजर आए तो श्रद्धा ठुमकेश्वरी गाने में दिखाई दी थीं। इसके बाद से ही दर्शकों को स्त्री 2 का हिंट मिल गया और वह इसका इंतजार कर रहे हैं। अब जानकारी के मुताबिक स्त्री 2 में वरुण का कैमियो कहानी के लिए बेहद जरूरी होगा।रिपोर्ट के मुताबिक, एक सूत्र से उन्हें जानकारी मिली कि स्त्री के सीच्ल में वरुण एक अहम भूमिका निभाने वाले हैं। यह अभिनेता का कैमियो होगा, लेकिन यह कुछ इस तरह का होगा जो स्त्री 2 में मस्ती को और भी बढ़ाएगा। वरुण का किरदार भेडिय़ा में नजर आए स्त्री के किरदारों की तरह नहीं होगा, जो आखिर में फिल्म में आते हैं और कहानी से उनका कोई लेना–देना नहीं होता।

भेडिय़ा के मिड–क्रेडिट सीन से पता चलता है कि अभिषेक बनर्जी का किरदार जनार्दन कोई और नहीं बल्कि स्त्री में नजर आया जाना है। अमर कौशिक ने स्त्री और भेडिय़ा दोनों का निर्देशन किया था और अब वह स्त्री 2 का भी निर्देशन कर रहे हैं। हालिया रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म के इस साल जुलाई में शुरू होने की उम्मीद है। इसके बाद अगले साल यह सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार हो सकती है।

इस सबके बीच स्त्री और भेडिय़ा के निर्माता दिनेश विजान एक और हॉरर–कॉमेडी फिल्म पर काम कर रहे हैं, जो इस यूनिवर्स का हिस्सा होगी। शरवरी वाघ की मुख्य भूमिका वाली मुंझा की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। अब स्त्री, रूही और भेडिय़ा के बाद मुंझा भी हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा बन गई है।

## जीत की फिल्म चेंगिज का हिंदी ट्रेलर आया सामने

बंगाली सिनेमा के अभिनेता जीत फिल्म चेंगिज को लेकर सुर्खियां में हैं। यह फिल्म 21 अप्रैल को रिलीज होगी। अब सोमवार को निर्माताओं ने चेंगिज का हिंदी ट्रेलर जारी किया है, जिसमें जीत जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। यह फिल्म बंगाली और हिंदी भाषा में रिलीज होगी। ऐसे में यह पहली बंगाली फिल्म होगी, जिसे साथ में हिंदी में भी रिलीज किया जाएगा। चेंगिज में शताफ फिगार, सुष्मिता चटर्जी और रोहित बोस रॉय भी प्रमुख भूमिका में हैं।

यह फिल्म 1970 से लेकर 1990 के दशक मध्य तक कोलकाता के अंडरवर्ल्ड पर आधारित है। जीत ने इस फिल्म के लिए खुद को गैंगस्टर अवतार में बखूबी ढाला है और अपने किरदार को वास्तविक रूप दिया है। दर्शक ब्रेसबी से इसका इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म गोपाल मदनानी और अमित जुमरानी द्वारा निर्मित है, जबकि राजेश गांगुली ने इसका निर्देशन किया है।

# अलिफ लैला से बालवीर 3 तक इंडस्ट्री में बहुत बदलाव आ गया : श्वेता रस्तोगी



अलिफ लैला जैसे फैंटेसी ड्रामा का हिस्सा बनने के बाद अभिनेत्री श्वेता रस्तोगी एक और फैंटेसी शो बालवीर 3 कर रही हैं। श्वेता ने बालवीर 3 का हिस्सा बनने और टीवी पर एक ही शैली की प्रस्तुति अब तक समय के साथ कैसे बदल गई है, इस बारे में साझा करते हुए कहा, अलिफ लैला से लेकर बालवीर तक इंडस्ट्री बहुत बदल गई है। फैंटेसी शो वर्षों से टीवी का प्रमुख हिस्सा रहे हैं, लेकिन मैं कहूंगी कि कल्पनाशील भावना और जिस तरह से चीजों को स्क्रीन पर पेश किया जाता है वह पूरी तरह से बदल गया है। प्रौद्योगिकी और उन्नति के कारण फैंटेसी शो निश्चित रूप से एक पायदान ऊपर उठे हैं।

अभिनेत्री ने आगे कहा कि पहले, फैंटेसी–थीम वाले शो के लिए चीजों को प्रोजेक्ट करना और निष्पादित करना एक कठिन काम था, लेकिन अब यह उतना कठिन नहीं है। पर्दे के पीछे से वीएफएक्स तक, सब कुछ बहुत बदल गया है।

अभिनेत्री श्वेता रामानंद सागर के शोह्यश्री कृष्णा में राधा की भूमिका निभाने के लिए लोकप्रिय हैं। अभिनेत्री ने ह्यखुदगर्जह्न, ह्यखून भरी मांग, परिंदा और ह्यकिशन कन्हैया जैसी फिल्मों में भी काम किया। वह ह्यकेसरह्न, ह्यपलकों की छांव मेंह्न, ह्यवो रहने वाली महलों कीह्न जैसे टीवी शो का भी हिस्सा थीं।एक बार फिर फैंटेसी ड्रामा का हिस्सा बनने के बारे में बात करते हुए, श्वेता ने कहा कि एक अभिनेत्री होने के नाते, मैं हमेशा चुनौतीपूर्ण और अनूठी भूमिकाएं करना चाहती हूं जो मुझे अपनी क्षमताओं के साथ प्रयोग करने का मौका प्रदान करें।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com

# बेहद खूबसूरत हैं बादशाह की जीएफ ईशा रिखी, बोल्डनेस में भी बड़ी–बड़ी एक्ट्रेस को देती हैं मात



रैपर बादशाह और पंजाबी इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस ईशा रिखी की शादी की खबरें इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी चर्चाएं बटौर रही हैं। हालांकि बादशाह ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए फैंस को बताया की ये महज अफवाह है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ईशा रिखी की कुछ ग्लैमरस तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं जिसमें उनकी हॉटनेस के आगे बॉलीवुड की अभिनेत्रियां भी फेल हैं। पंजाबी इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस ईशा रिखी इन दिनों सोशल मीडिया पर अपने ग्लैमरस लुक्स के कारण लाइमलाइट में हैं। हाल ही में उनकी कुछ लेटेस्ट स्टाइलिश आउटफिट में फोटोज इंटरनेट पर तहलका मचा रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की हॉटनेस के आगे बॉलीवुड की बड़ी–बड़ी हसीनाएं भी फेल हैं। उनका हर अंदाज फैंस के बीच ट्रेंड करता हैं। ईशा आए दिन अपनी हॉट और सिजलिंग तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस की सोशल मीडिया पर फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी अच्छी–खासी है और वो इंस्टाग्राम पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि ईशा रिखी का जन्म 9 सितंबर 1993 को पंजाब के चंदीगढ़ में हुआ था।

# मैं डांसर बनना चाहती थी, लेकिन अभिनय अचानक हो गया : मेघा चक्रवर्ती



अभिनेत्री मेघा चक्रवर्ती, जो वर्तमान में टेलीविजन शो इमली में मुख्य भूमिका निभा रही हैं, उन्होंने साझा किया कि उन्हें डांस में अधिक रुचि थी और अभिनय उनके दिमाग में कभी नहीं था, लेकिन यह अचानक हुआ। उन्होंने कहाः मैं एक डांसर बनना चाहती थी, लेकिन अभिनय अचानक हो गया। मैंने अभी–अभी एक ऑडिशन में अपना शॉट दिया और सेलेक्ट हो गया.. और फिर मेरा सफर शुरू हो गया।

शो के सफल होने और इमली के रूप में सुम्बुल तौकीर से संबंधित दर्शकों के शो में शामिल होने के बारे में बात करते हुए, मेघा ने कहा कि उस पर अपनी जगह बनाने का बहुत दबाव था। जैसा कि उन्होंने कहाः निश्चित रूप से क्योंकि इमली पहले से ही हिट थी। निर्माता कहानी में कुछ बदलाव चाहते थे और राह इमली को पहले की तरह बनाए रखने और टीआरपी बनाए रखने का दबाव था। मैं दर्शकों को खुश रखने की कोशिश कर रही हूं और हम एक नई टीम के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश कर रहे हैं।बड़ी देवरानी, कृष्णा चली लंदन जैसे शो कर चुकीं मेघा ने कहा कि इंडस्ट्री में बहुत प्रतिस्पर्धा है और सफलता हासिल करना आसान नहीं है। उन्होंने कहा, हर क्षेत्र में गलाकाट प्रतिस्पर्धा है। आपको कई बार अस्वीकृति का सामना करना पड़ता है और कभी–कभी आप कारणों को नहीं समझ पाते। यह सब हमारे काम का हिस्सा है। इस इंडस्ट्री में भी नेपोटिज्म है और कुछ लोगों को आसानी से जॉब मिल जाती है। लेकिन बाद में , उन्हें अपनी ताकत भी साबित करनी होगी। उनके लिए भूमिका पाना आसान है और बाद में, प्रतिभा का प्रदर्शन उन पर निर्भर करता है।

हम जैसे लोग, जो इंडस्ट्री से नहीं हैं, कम कॉन्टैक्ट्स की वजह से पैर जमाने में मुश्किल होती है। टीवी में भी बहुत प्रतिस्पर्धा है लेकिन नए लोगों को भी मौका दिया जाता है इसलिए यह एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है। लंबे समय तक टिके रहने के लिए प्रतिभावान होना जरूरी है।

मेघा, जो एक बहुत अच्छी डांसर हैं, शाहरुख खान की बहुत बड़ी फैन हैं। उन्होंने कहा, शाहरुख खान ने हमेशा मुझे प्रेरित किया है और मैं उनके काम की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं।